THE BUDGET (GENERAL), 2014-15

AND

THE APPROPRIATION (NO. 2) BILL, 2014 *(Contd.)*

श्री भुपेन्द्र यादव (राजस्थान) : माननीय उपसभापति महोदय, अभी इस बजट के संबंध में हमारे सम्माननीय सदस्य श्री आनन्द शर्मा जी विषय रख रहे थे, तो उन्होंने विषय को इस प्रकार से प्रस्तुत किया कि हमारे सम्माननीय वित्त मंत्री के लिए वे एक संकट भारी कुर्सी छोड़कर गए हैं। मैं माननीय वित्त मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने इस संकट को बड़ी सहजता से स्वीकार किया है और बड़ी कुशलता के साथ इन संकटों से निपटने के लिए देश के लिए एक बहुत अच्छा बजट प्रस्तुत किया है। आनन्द शर्मा जी सही कह रहे थे कि जो देश का आर्थिक बजट होता है, वह आपके दर्शन और नीतियों पर आधारित होता है और किसी भी सरकार का बजट उसकी आर्थिक नीतियों को प्रस्तुत करता है। माननीय वित्त मंत्री जी ने जो बजट हमारे सामने रखा है, उस बजट की अगर आर्थिक नीतियां और दर्शन हैं, तो उसकी आर्थिक नीतियों और दर्शन के दो भाग हैं कि देश का आर्थिक विकास सतत् रूप से जारी रहे और उसके साथ हमारे देश का जो मानव सूचकांक है, मानव कल्याण है, वह भी आगे बढ़े और दोनों को मिलाकर देश को विकास की नई प्रेरणा मिले। आनन्द शर्मा जी कह रहे थे कि पिछले दो वर्षों में जो विकास की गति कम हुई है, उसका एक कारण वैश्विक संकट है, लेकिन उसका एकमात्र कारण वैश्विक संकट नहीं था। अगर आप सरकार के द्वारा प्रस्तुत आर्थिक समीक्षा-पत्र का अध्ययन करेंगे और अगर पिछले वर्षों की पॉलिसीज का भी अध्ययन करेंगे, तो वैश्विक संकट अपनी जगह था, लेकिन देश के पिछड़ने का कारण परियोजना क्षेत्रों के क्रियान्वयन में ज्यादा समय लगना था।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I have to inform the hon. Members that for some time the hon. Finance Minister may be away. He has gone with my permission. I have permitted him. The MoS will be here.

(THE VICE-CHAIRMAN, SHRI TIRUCHI SIVA, in the Chair)

श्री भुपेन्द्र यादव : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, इस वैश्विक संकट के साथ-साथ जो पिछले दस वर्षों में इस देश ने बहुत ज्यादा देखा, वह परियोजना के क्रियान्वयन में ज्यादा समय लगना था। परियोजनाओं में जो निर्णय लिए गए थे, उन निर्णयों को लेने में जो प्रशासन होना चाहिए था, उस प्रशासन में अकुशलता थी। देश के सेवा क्षेत्रों का जिस प्रकार से विकास होना था, उन सेवा क्षेत्रों के विकास को हम पूरा नहीं कर पाए थे और देश में वस्तु उत्पादन क्षेत्रों का जो पुनरुद्धार होना था, उसमें भी कहीं न कहीं पॉलिसी पैरालिसिस था, इसलिए देशों में नए औद्योगिक पुनरुद्धार की आवश्यकता थी, इसको बहाल करने की आवश्यकता थी, जिसके लिए माननीय वित्त मंत्री जी ने इस बजट में प्रबंध किया है। इसलिए अगर इस बजट को देखा जाए, तो इस समय हमारे देश में चार महत्वपूर्ण आवश्यकताएं हैं कि देश में इस संकट के समय से

निकलने के लिए हमें नए निवेश की जरूरत है। इस समय ऐसी आवश्यकता है कि जो देश की विकास गति है, उसमें आर्थिक स्थिरता को बनाए रखा जाए। कृषि क्षेत्र में जिस प्रकार से रोजगार कम हो रहे हैं, उसको देखते हुए गैर कृषि क्षेत्र में रोजगार के अवसरों को बढ़ाया जाए। देश में इस बात की भी आवश्यकता है कि इन्फ्रास्ट्रक्चर का जो क्षेत्र है, उसको बढ़ाया जाए और कृषि की जो विकास दर है, उसको स्थायी रूप से बनाए रखना भी इस सरकार के सामने एक चुनौती है। मैं जब इस बजट का विश्लेषण करता हूं तो माननीय वित्त मंत्री जी बजट रखा है, अगर इसको तुलनात्मक आंकड़ों के द्वारा देखा जाए, जैसा कि अभी कहा जा रहा था कि तथ्य किसी भी प्रकार से गलत सिद्ध नहीं करते, अगर आप इन आंकड़ो को देखेंगे तो निश्चित रूप से यह पता लगेगा कि जिन चारों विषयों की हमें आवश्यकता थी, निवेश की, आर्थिक स्थिरता की, गैर-कृषि क्षेत्र में रोजगार को बढ़ाने की, इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने की और कृषि क्षेत्र की विकास दर को बनाए रखने की, उन सभी आवश्यकताओं को इस बजट में पूरा करने का प्रयास किया गया है। माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि देश का जो ऊर्जा क्षेत्र है, उस क्षेत्र में 2013-14 में जो बजट का वास्तविक खर्चा हुआ, वह 5,411 करोड़ हुआ। इस बार माननीय वित्त मंत्री जी ने जो बजट के प्रावधान किए हैं, उनमें उसको बढ़ाकर 9,544 करोड़ किया और ऊर्जा क्षेत्र की आवश्यकता को देखते हुए इसे 76 प्रतिशत बढ़ाया गया। केवल यही नहीं, जो रिन्युअल एनर्जी है, जिसको हम नवीकरणीय ऊर्जा कहते हैं, कई बार यह प्रश्न पूछा जाता है कि इस क्षेत्र को कैसे बढ़ाया जाएगा। माननीय वित्त मंत्री जी ने अपनी बजट स्पीच में कहा है कि क्यों नहीं हम इस देश में ऐसा प्रयोग कर सकते, जो बजट स्पीच में भी है, कि एक लाख किसानों के हैंडपंप तक हम सौर ऊर्जा का संचालन कर सकें। इसलिए पिछली बार, रिन्युअल एनर्जी में जो 438 करोड़ रुपए थे, उसको बढ़ाकर 956 करोड़ रुपए किया गया है और इसकी आवश्यकता को देखते हुए 118 प्रतिशत की वृद्धि उन्होंने बजट में की है। किसी भी क्षेत्र में अगर दस प्रतिशत या पंद्रह प्रतिशत की वृद्धि होती है तो हम यह मान सकते हैं कि वह इन्फ्लेशन के कारण है, लेकिन अगर सरकार तीस प्रतिशत, चालीस प्रतिशत से ज्यादा वृद्धि करती है तो यह सरकार की मंशा को दर्शाता है कि सरकार विकास की गति को किस प्रकार से आगे बढ़ाना चाहती है। इस देश में जो सबसे बड़ी समस्या है, वह पीने के स्वच्छ पानी की है। आप सुदूरवर्ती भारत के किसी भी ग्रामीण क्षेत्र में जाएंगे, पीने का पानी एक बहुत बड़ी समस्या है, फ्लोराइड का पानी एक बहुत बड़ी समस्या है। आम महिला, आम गांववासी इससे प्रभावित होता है। पिछली बार पीने के पानी के लिए जो 12,006 करोड़ रुपए थे, उसमें भी सरकार ने वृद्धि करके 15,267 करोड़ रुपये कर दिए और इस प्रकार उसमें भी 27 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है। ये मूलभूत आवश्यकताएं हैं- ऊर्जा आवश्यकता है, पानी की आवश्यकता है, रिन्युअल एनर्जी की आवश्यकता है। इसके साथ-साथ इस देश में सबसे बड़ी आवश्यकता ग्रामीण विकास की है। अभी स्मार्ट सिटी की बात कही जा रही थी। माननीय वित्त मंत्री जी ने उस सदन में यह बयान भी दिया था कि इस देश में जो हमारे छोटे शहर हैं, आज अगर आप किसी भी जगह पर जाएंगे और छोटे शहरों को देखेंगे तो उन छोटे शहरों के पास छोटे-छोटे खेत काटकर हम नयी और अव्यवस्थित मानव-बस्तियों को बसाते जा रहे हैं। आज क्या इस देश में सौ से ज्यादा ऐसे शहर नहीं हैं, जिनके पास इस प्रकार की स्मार्ट सिटी को बनाया जाए, जिस स्मार्ट सिटी के माध्यम से उन छोटे शहरों में रहने वाले लोग हैं, उन लोगों को मूलभूत मानवीय सुविधाएं मिल सकें। आखिर क्यों हमारे कांग्रेस के मित्र इस बात को

[श्री भुपेन्द्र यादव]

स्वीकार नहीं करते कि जिसे संविधान में हमने अनुच्छेद 21 के अंतर्गत मनुष्य को सम्मानपूर्वक जीने का अधिकार दिया था, उस सम्मानपूर्वक जीने के अधिकार में आज भी हम स्वच्छ पानी, ऊर्जा और उनके रहने के लिए पर्याप्त मकान और सुविधाएं नहीं दे पा रहे हैं। हिन्दुस्तान के सौ छोटे शहरों के साथ रूरल और अर्बन की बात करके माननीय वित्त मंत्री जी ने सौ छोटे शहर बनाए हैं और देश के गांव तक अर्बन इन्फ्रास्ट्रक्चर को ले जाने की बात की है। यह इस बजट की दर्शन और नीति को दर्शाता है। माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं, मैंने प्रारम्भ में भी कहा था कि अगर आपको देश की विकास दर को बनाए रखना है तो कृषि की जो विकास दर है, उस कृषि की विकास दर में सातत्यता, उस कृषि की विकास दर को सतत रूप से बनाए रखना बहुत आवश्यकता है। इस देश में बहुत सारे किसानों ने पिछले वर्षों में आत्महत्याएं की हैं। क्या कभी हमने आत्महत्याओं के कारणों का विश्लेषण किया है? इस देश में जो छोटा किसान है, जो बटाई पर जमीने लेता है, जो भूमिहीन किसान है, जो वास्तव में नकदी फसल में किसी किसान से उसकी जमीन उधार लेकर वहां पर खेती करता है क्या कभी किसी ने उसको गारंटी देने की कोशिश की है? क्या कभी किसी ने उसको ऋण उपलब्ध कराने की कोशिश की है? हिन्दुस्तान के बजट में पहली बार हमारे वित्त मंत्री जी ने भूमिहीन किसानों को पांच लाख रुपए उनके समूह की गारंटी के आधार पर देने की बात कही है। इस देश के किसान की जो समस्या है, उसके लिए माननीय वित्त मंत्री जी ने एक प्रावधान किया है। उन्होंने सिर्फ यही नहीं किया, बल्कि कृषि क्षेत्र में भी जो 2013-14 का बजट था, उसमें 26,071 करोड़ का प्रावधान था, इस बार उसमें 31,063 करोड़ रुपये बढ़ाकर, कृषि क्षेत्र में भी 20 प्रतिशत की वृद्धि करने का प्रयास किया गया है।

देश में मध्यम, लघु और जो सूक्ष्म उद्योग हैं और जो हमारा कुटीर उद्योग है, आज उसे आगे ले जाने की सबसे ज्यादा आवश्यकता है। कभी-कभी इस बात को कहा जाता है कि हिन्दुस्तान का जो मध्यम उद्यमी है, हिन्दुस्तान का जो लघु उद्यमी है, उसके लिए कोई स्थाई नीति बनाने की बात होनी चाहिए। माननीय वित्त मंत्री जी ने बजट के पैरा सं. 102 में कहा है कि वह जो क्षेत्र है, आज यह देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। अगर आज हम नए रोजगार के क्षेत्रों को बढ़ाना चाहते हैं, कृषि क्षेत्र से निकले लोगों को रोजगार देना चाहते हैं, तो हमें इस बात को नहीं भूलना चाहिए कि जो ये लघु उद्यमी हैं, मध्यम उद्यमी हैं और जो ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले उद्यमी हैं, वे अधिकतर माइनॉरिटी वर्ग के हैं, शैड्यूल्ड कास्ट हैं, ये ओ.बी.सी. हैं। ये परम्परागत रूप से काम कर रहे हैं। यह सरकार इसलिए भी बधाई की पात्र है कि इसने तीन महीने के अंदर इनके लिए कमेटी बनाने का प्रस्ताव किया है और इस क्षेत्र में 25 प्रतिशत बजट आबंटन में भी वृद्धि की है।

इसके साथ ही साथ मैं कहना चाहता हूं कि जब माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने इस देश से जनादेश प्राप्त किया था, तो उन्होंने पूरे देश के सामने एक बात रखी थी कि हम हिन्दुस्तान को एक ऐसा हिन्दुस्तान बनाना चाहते हैं, जिसमें पूर्व और पश्चिम एक साथ तरक्की करेगा। यह सरकार किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करना चाहती है। आनन्द शर्मा जी सही कह रहे थे कि अगर इस बजट में देखा जाए, तो देश के हर प्रदेश के विकास की बात कही गई है, लेकिन

हिन्दुस्तान में पर्याप्त मानवीय संसाधन होते हुए, प्रकृति की अपूर्व सम्पदा होते हुए, देश का पूर्वोत्तर क्षेत्र आज भी पिछड़ा हुआ है। हो सकता है कि वहां भारतीय जनता पार्टी की सरकार न हो, लेकिन जब हम समन्वित विकास की बात करते हैं, जब हम समावेशी विकास की बात करते हैं, जब हम पूरे देश की बात करते हैं, तो मैं यह कहना चाहूंगा कि पिछले बजट में 2013-14 में पूर्वोत्तर के क्षेत्र के लिए प्रावधान 1830 करोड़ रुपए था, उसको बढ़ाकर 2,333 करोड़ रुपए करके, उन्होंने 27 प्रतिशत की वृद्धि की है।

जब हम देश में सामाजिक विकास की बात करते हैं, जब हम इस देश में समावेशी विकास की बात करते हैं, तो हम केवल मार्जिनलाइज्ड एरिया की बात नहीं करते, हम केवल मार्जिनलाइज्ड कार्य की बात नहीं करते, बल्कि हम मार्जिनलाइज्ड सोसाइटी की भी बात करते हैं। एक ऐसा समाज हो, जिसमें समाज के छोटे वर्ग को सबके बराबर लाकर काम करने की बात हो, सामाजिक न्याय को तीव्र गति से ले जाने की बात हो, एकीकृत करने की बात हो तो किसी भी बजट को देने में जो सबसे बड़ी बात देखी है, वह यह कि अनुसूचित जाति सब-प्लान में कितना पैसा दिया है। 2013-14 में जो पिछला बजट प्रस्तुत किया गया था, उसके अनुसूचित जाति सब-प्लान में 33,801 करोड़ रुपया दिया गया था, इस बार सरकार ने उसको 35 प्रतिशत बढ़ाकर 48,638 करोड़ रुपया किया है। यह सामाजिक समरसता का विषय है। मेरा यह मानना है कि गुजरात में, मध्य प्रदेश में, छत्तीसगढ़ में, झारखंड में और आन्ध्र प्रदेश में जो अनुसूचित जनजाति का वर्ग है, उसका विकास थोड़ा-थोड़ा और टुकड़ों में नहीं होना चाहिए। समावेशी विकास की अवधारणा अनुसूचित जनजाति के क्षेत्रों में भी जानी चाहिए। पिछली बार अनुसूचित जनजाति क्षेत्रों में, ट्राइबल्स सब-प्लान में प्रावधान 22,030 करोड़ रुपए था, माननीय वित्त मंत्री जी ने उसमें 40 प्रतिशत की वृद्धि करके उसे 30,726 करोड़ रुपया किया है। देश में कभी यह कहा जाता है कि विकास में सभी समुदायों की समान भागीदारी होनी चाहिए। सभी समुदायों को विकास के काम में समान रूप से जोड़ना चाहिए। इसमें किसी भी जाति, धर्म, भाषा और प्रांत में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करना चाहिए। पिछली सरकार ने माइनॉरिटीज को बजट में 3,111 करोड़ रुपए दिए थे, इस बार 3,711 करोड़ रुपए देकर, इसमें 20 प्रतिशत की वृद्धि की है। जब भारतीय जनता पार्टी ने अपना घोषणापत्र जारी किया था, तो उसमें लिखा था कि इस देश में सात करोड़ लोग विकलांग हैं। हम जानते हैं कि जो सात करोड़ विकलांग लोग हैं, उनकी अनदेखी कभी नहीं की जा सकती। उन सात करोड़ लोगों के कल्याण और पुनर्वास की योजना बननी चाहिए। मैं यह कहना चाहता हूं कि इस बार, जब यह बजट बनाया गया तो उसकी एक विशिष्ट मद में विकलांग समुदाय के लिए अलग से 627 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस बजट में समाज के हर वर्ग के उत्थान की बात मूल रूप से कही गई है। बाबा साहेब अंबेडकर जी ने भी बहुत अच्छे तरीके से एक बात कही थी। उन्होंने जब इवोल्यूशन ऑफ प्राविंशियल फाइनेंशियल ब्रिटिश इंडिया पर रिसच की थी, तब एक बात कही थी कि भारत का विकास कैसे होगा, भारत के प्रोविंशियल राज्यों को किस प्रकार से विकास होगा। उन्होंने कहा कि विकास की भागीदारी और विकास का पैसा राज्यों के पास सीधे पहुंचाना चाहिए। जिस बात को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने जनादेश प्राप्त किया था, वह टीम इंडिया की बात थी। एक ऐसा भारत बनना चाहिए, जिसमें राज्यों को अपने संसाधनों, अपनी भौगोलिक और क्षेत्रीय परिस्थितियों को देखते हुए

[श्री भुपेन्द्र यादव]

विकास के पूरे अवसर प्रदान करने चाहिए। पिछली बार के सेंट्रल प्लान में 3,56,000 करोड़ रुपये का जो केन्द्र का पैसा था, उस पैसे को इस बार कम किया गया है। पिछली बार सेंटर से राज्यों को जो, 1,19,049 करोड़ रुपये की असिस्टेंस दी गई थी, उसको बढ़ाकर 3,38,562 करोड़ रुपये किया गया है। यह कार्य संघवाद के आधार पर भारतीय जनता पार्टी की अवधारणा को मजबूत करता है। हम चाहते हैं कि देश के सभी राज्य प्रतिस्पर्धात्मक और सकारात्मक तरीके से अपने विकास को प्राप्त करें, इसलिए केन्द्र सरकार ने राज्यों को विकास करने का एक बहुत बड़ा अवसर दिया है। 184 प्रतिशत की राशि, जो सेंटर की स्टेट को असिस्टेंस है, यह राशि उस खाते में बढ़ाई गई है। यह जो संघवाद है, यह सभी राज्यों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

मैं यह बताना चाहता हूं कि इस सरकार के बजट की नीति और दर्शन क्या है। इस सरकार ने स्वयं को एक फिंक्रमद और संवेदनशील सरकार के रूप में प्रस्तुत किया है। इस देश में कश्मीरी पंडित पिछले तीस सालों से जिस अन्याय के शिकार थे, इस सरकार ने उनके लिए 500 करोड़ रुपये देकर देश में विस्थापित हुए कश्मीरी पंडितों की सुनवाई की बात की है।

इस सरकार ने "बेटी बचाओं" जैसे कार्यक्रम को अपनाकर अच्छा कार्य किया है। आपको खुश होना चाहिए कि इस सरकार ने लड़कियों और महिलाओं को सम्मान और सुरक्षा देने के लिए जिस प्रस्ताव को स्वीकार किया है, हमें उसको सकारात्मक रूप से आगे बढ़ाने की बात करनी चाहिए।

आज देश में बहुत बड़े पैमाने पर संस्थागत और प्रशासनिक सुधार लाने की आवश्यकता है। माननीय वित्त मंत्री जी ने अपने बजट में सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण और देश की आंतरिक सुरक्षा पर ध्यान दिया है। क्या इस देश में यह आवश्यकता नहीं है कि हमारे सुरक्षा बल जिस आतंकवाद से लड़ रहे हैं, जो हजारों पुलिस वाले मारे जाते हैं, जो हमारा गौरव हैं, हम पुलिस स्मारक और युद्ध स्मारक बनाकर, नया प्रशासनिक तंत्र बनाकर उनको नैतिक साहस दें? वह साहस देने का काम इस बजट के माध्यम से किया गया है।

माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारे देश का विकास रक्षा उत्पादन क्षेत्र में आत्मनिर्भरता, तकनीकी प्रतिभा और कुशल मानव संसाधन के द्वारा होना चाहिए। हमारे देश की जो पूंजी है, वह बहुत बड़ी संख्या में रक्षा उत्पादों को खरीदने में चली जाती है। क्या हम रक्षा क्षेत्र में अपना इन्डिजिनेस, हिन्दुस्तान का जो आयुध वगैरह हैं, उनको बनाकर अपने तकनीकी कौशल और मानव विकास के द्वारा देश को आत्मनिर्भर नहीं बना सकते हैं? माननीय वित्त मंत्री जी ने अपने बजट में इसको करने का प्रयास किया है। इस बजट में उन्होंने केवल इतना ही प्रयास नहीं किया है, बल्कि उससे आगे बढ़कर मैं यह बताना चाहूंगा कि भारतीय जनता पार्टी, जिस नीति और सिद्धांत को लेकर काम करती है, वह पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का अंत्योदय दर्शन है। हमारी पार्टी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन में विश्वास रखकर समाज के अंतिम स्थान पर खड़े व्यक्ति की चेतना को जाग्रत करने, उसके जीवन को उठाकर

आगे बढ़ाने, उसको सामाजिक विषयों के साथ जोड़कर देश के सभी वर्गों को आगे बढ़ाने के दर्शन पर काम करना चाहती है। मैं विशेष रूप से कहना चाहूंगा कि इस बजट में सफाई कर्मचारियों के पुनर्वास और पुनरुद्धार पर भी ध्यान दिया गया है। हमारे देश भर में जो लाखों सफाई कर्मचारी बंधु रहते हैं, पिछली बार के बजट में उनके लिए 69 करोड़ रुपये का एस्टिमेटिड खर्च रखा गया था, लेकिन इस बार के बजट में उसको बढ़ाकर 437 करोड़ रुपये कर दिया गया है। यह हमारा अंत्योदय का दर्शन है। समाज के अंतिम स्थान पर जो व्यक्ति खड़ा हुआ है, उसके लिए किस प्रकार के प्रावधान करके उसको समावेशी विकास से जोड़ना चाहिए, इसका प्रावधान इस बजट में किया गया है। मैंने कहा कि जब हम आर्थिक विकास की बात करते हैं, तो उसमें मानवीय विकास और विरासत की बात भी आती है। यह विरासत दस सालों से आगे की भी है। इस विरासत का जो सांस्कृतिक संरक्षण है, उसके लिए माननीय वित्त मंत्री जी ने काफी प्रोविजन्स रखे हैं। मैं यहां पर उनसे दो और निवेदन भी करना चाहूंगा। पहला विषय मैं यह कहना चाहूंगा कि मैं जिस शहर से आता हूं, उस अजमेर को विरासत की श्रेणी में रखते हुए माननीय वित्त मंत्री जी ने उसके लिए विशेष रूप से प्रावधान किया है। अजमेर वह जगह है, जो पृथ्वीराज चौहान से जुड़ी है, अजमेर वह जगह है, जहां ख्वाजा हजरत मोइनुद्दीन चिश्ती का संदेश जाता है और अजमेर वह जगह भी है, जिन ब्रह्मा, विष्णु और महेश की बात माननीय आनन्द शर्मा जी कर रहे थे, वहीं ब्रह्मा जी का एकमात्र मन्दिर है। मेरा यह कहना है कि विरासत संरक्षण में अजमेर को जो पैसा दिया जा रहा है, वह उसे अजमेर विकास प्राधिकरण के माध्यम से दिया जाना चाहिए। अजमेर विकास प्राधिकरण में हजरत मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह भी आती है, पृथ्वीराज चौहान का स्मारक भी आता है और पुष्कर में ब्रह्मा जी का मन्दिर भी आता है। हम इस विरासत के माध्यम से अगर अजमेर विकास प्राधिकरण को इसका पूरा लाभ देंगे, तो हम देश में एक नए सांस्कृतिक जीवन मूल्य को, जिसको बढ़ाने की बात इस बजट में की गई है, उसे पूरा कर सकेंगे।

मैं एक और दूसरे विषय सांस्कृतिक जीवन मूल्यों के बारे में कहना चहूंगा। मैं कल डा. राममनोहर लोहिया के बारे में पढ़ रहा था। उन्होंने एक जगह लिखा था कि तुलनात्मक दृष्टि से हिन्दुस्तान के तीर्थ केन्द्र बड़ी सांत्वना देते हैं। किसी भी महान मन्दिर के कोने में खड़ हो जाइए, एकाध घंटे में ही आप हिन्दुस्तान को चलते-फिरते देख सकते हैं। हम एक हैं, इतने एक हैं कि इससे हमें लगता है कि किसी में इतनी शक्ति नहीं है कि वह हमें तोड़ कर दो बना सके। मैं माननीय वित्त मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि पूर्व में श्री जगन्नाथ जी का जो मन्दिर है, वहां पर हर 12-19 साल के बीच में कलेवर का परिवतन होता है। यह 1996 में हुआ था और अब यह विषय 2015 में आने वाला है। यह पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत का एक बहुत बड़ा महाकुंभ होता है। मुझे लगता है कि अगर केन्द्र सरकार उसके सांस्कृतिक विषयों को देखते हुए उस महाकुंभ के लिए भी कोई विशेष प्रावधान इस बजट में करेगी, तो निश्चित रूप से यह पूर्वोत्तर भारत की संस्कृति के विकास के लिए अच्छा होगा।

मैं यह कहना चाहूंगा कि इस बजट की फिलॉस्फी क्या है, यह बजट किस विषय पर आधारित है। मैरा यह कहना है कि the message of the Budget is: The Bugdet focuses on

[श्री भुपेन्द्र यादव]

development of marginalised sections of our society, marginalised regions of our country and marginalised sectors of our economy. It focuses on all basic development needs of our society. It also focuses on the equal opportunities to Indian citizens, Indian entrepreneurs and Indian banks to bring them at par with their global contemporaries. मैं यहां पर यह कहना चाहूंगा कि अभी तक विशेष रूप से जो दो सुविधाएं थीं, उनमें से एक एडवांस् रूलिंग की सुविधा थी, जो अभी तक हम केवल विदेशी फर्मों को ही दिया करते थे। एडवांस रूलिंग की सुविधाएं कभी भी भारतीय लोगों को नहीं थी, लेकिन इस बार पहली बार सरकार ने अपने बजट के माध्यम से यह प्रयास किया है कि एडवांस रूलिंग की जो सुविधा है, वह भारतीय व्यवसायियों और उद्यमियों को दी जाए।

दूसरी बात, इस बजट के द्वारा सरकार ने जो एक सबसे बड़ा क्रान्तिकारी कदम उठाने का प्रयास किया है, वह यह है कि बैंकिंग सुविधाओं का जो विस्तार है, वह 58 प्रतिशत है, सरकार ने उस 58 प्रतिशत को बढ़ा कर 100 प्रतिशत करने का प्रावधान किया है। लेकिन यहां पर मैं पुनः एक और निवेदन करना चहूंगा। हम ग्रामीण क्षेत्रों में नए बैंकिंग खाते शुरू करने की बात कर रहे हैं। जब आप इन ग्रामीण क्षेत्रों में बी.पी.एल. परिवारों के लिए बैंकिंग खाते 100 प्रतिशत परिवारों को देंगे, तो उन ग्रामीण बैंकों के खातों के जो मुखिया है, वह आपको उस परिवार की महिला को बनाना चाहिए। अगर हम नीचे उस महिला को मुखिया बनाएंगे, तो महिला सशक्तिकरण की एक बहुत बड़ी शुरुआत होगी। मेरा उसमें यह भी कहना होगा कि उस बालिका या बच्चे के लिए ओ.बी.सी.. एस.सी., एस.टी. या माइनॉरिटी को जो स्टाइपेंड आता है, अगर वह उस मुखिया के एकाउंट में जमा होगा, तो निश्चित रूप से हम देश में एक नए आर्थिक सशक्तिकरण की शुरुआत करेंगे। ये एकाउंट्स जीरो बैलेंस पर ऑपरेट होने चाहिए। इसलिए देश की सरकार ने सीधे-सीधे विकास कार्यों को, बैंकिंग कार्यों को बढ़ाने का जो काम किया है, मुझे लगता है कि यह बहुत स्वागत योग्य विषय है।

अभी यह कहा जा रहा था कि देर आए, दुरुस्त आए। मेरा यह कहना है कि देर आए, दुरुस्त आए, वह तो 66 साल बाद आ ही गए हैं, लेकिन किसी भी देश की जो तकदीर बदली जाती है, वह जहां चाह, वहां राह से बदली जाती है। माननीय वित्त मंत्री जी ने अपने एक संकल्प को अभिव्यक्त किया है। जिस जनादेश को लेकर भारतीय जनता पार्टी माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सत्ता में आई है, जिस जनादेश को लेकर हमने 'एक भारत - श्रेष्ठ भारत' के सपने को एक संकल्प के रूप में अभिव्यक्त किया है, मेरा यह मानना है कि देश में चाहे सामाजिक क्षेत्र हो, चाहे कृषि क्षेत्र हो, चाहे उद्योग क्षेत्र हो, चाहे हमारे व्यापारियों को एडवांस टैक्स रूलिंग में फायदा देने की बात हो, चाहे देश के कर ढांचे को सुधारने की बात हो, चाहे देश को वैश्विक स्तर पर खड़ा करने की बात हो, चाहे देश में गौरव संस्थान खड़े करने की बात हो, *...(समय की घंटी)...* चाहे देश की महिलाओं को आगे बढ़ाने की बात हो, कुल मिला कर यह पूरे देश को सबका साथ और सबका विश्वास लेकर 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' बनाने के माननीय नरेन्द्र मोदी जी के सपने को पूरा करेगा। मैं पुनः माननीय वित्त मंत्री जी को इस बजट के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं।

श्री राजपाल सिंह सैनी (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे बजट पर बोलने का मौका दिया। मैं इस अवसर पर अपनी नेता बहन कुमारी मायावती जी का भी आभार व्यक्त करना चाहता हूं, जिनकी कृपा से आज मैं राज्य सभा में बोल रहा हूं।

महोदय, आज भारत में अगर किसी वर्ग की दयनीय स्थिति है, तो वह किसान वर्ग है। ऐसा लगता है, चाहे कोई भी सरकार रही हो, किन्तु वह किसानों प्रति संवेदनशील नहीं रही है।

महोदय, जब आम बजट पेश किया जाता है, तो केवल दिखावे के लिए कृषि और किसानों का नाम लिया जाता है, जबकि देश की 70% से अधिक आबादी इसी पेशे पर निर्भर है। इस आम बजट में भी सरकार कृषि और किसान में मेहरबान दिखाई नहीं दी है। किसानों को उम्मीद थी कि ब्याजमुक्त ऋण से लेकर बीज, खाद, डीजल इत्यादि पर सीधी सब्सिडी किसानों को दी जाएगी, परन्तु ऐसा कोई प्रावधान बजट में नहीं किया गया है। किसानों से जुड़े तमाम मुद्दों पर पानी फेर दिया गया है। अगर सरकार डीजल पर किसानों से जुड़े तमाम मुद्दों पर पानी फेर दिया गया है। अगर सरकार डीजल पर किसानों के लिए सब्सिडी देती है, तो उस सब्सिडी का पूरा लाभ पूंजीपति और उद्योगपति उठा लेते हैं। इसलिए सरकार किसानों को डीजल पर सब्सिडी इस प्रकार दे कि उसका सीधा लाभ किसानों को मिल सके।

बजट में अगर किसानों को कुछ मिला है, तो वह है - 'कर्ज'। पहले ही किसान कंठ तक कर्ज में डूबा हुआ है। वह बैंक से ऋण ले तो लेता है, परन्तु समय पर उसकी अदायगी नहीं कर पाता, क्योंकि न तो उसकी फसल का भुगतान समय पर हो पाता है और न ही उसे फसल का लाभकारी मूल्य मिल पाता है। दैविक आपदाएं भी, चाहे ओलावृष्टि हो, बाढ़ हो या सूखा हो, उसकी फसल को नष्ट कर देती हैं।

भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणापत्र में ऐलान किया था कि किसान की फसल का लाभकारी मूल्य तय करते समय उसकी लागत से 50% अधिक मूल्य दिया जाएगा, लेकिन अफसोस की बात यह है कि ऐसा कुछ नहीं किया गया।

महोदय, किसान को अपनी फसल तैयार करते समय जितनी लागत लगानी पड़ती है, उसकी तुलना में किसान को फसल का लागत मूल्य नहीं मिलता है। कृषि यंत्र और ट्रैक्टर आदि पर भी कोई छूट प्रदान नहीं की गई है। बजट में वेयरहाउस और सेंट्रल पूल मंडी की चर्चा की गई है, लेकिन इससे किसान को सीधा लाभ नहीं मिलेगा, क्योंकि किसान के पास एक-दो एकड़ जमीन ही बची है, ज्यादातर किसान सीमांत ही हैं। उसी जमीन से वह अपने परिवार का गुजारा करता है। उसमें इतनी क्षमता ही नहीं है कि वह अपनी फसल का भंडारण कर सके, इसलिए वेयरहाउस और सेंट्रल पूल मंडी का लाभ भी बिचौलिए ही उठाएंगे।

महोदय, करीब 60%-70% प्रतिशत कृषि क्षेत्र अभी भी सिंचाई सुविधा से वंचित है। बजट में सिंचाई के लिए प्रधानमंत्री सिंचाई योजना के तहत 1000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया

[श्री राजपाल सिंह सैनी]

है, लेकिन यह नहीं बताया गया कि सिंचाई के लिए दी गई 1000 करोड़ रुपये की राशि का लाभ किसान को किस रूप में मिल सकेगा। क्या किसानों को निजी नलकूप के लिए दी गई बिजली फ्री मिलेगी?

बजट में सिंचाई के सम्बन्ध में बुंदेलखण्ड की चर्चा कहीं भी नहीं है, जबकि सूखे के कारण बुंदेलखण्ड की स्थिति बहुत ही दयनीय है, उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की सरकार थी और बहन कुमारी मायावती जी उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री थीं, जब 80,000 करोड़ रुपये का पैकेज यू.पी.ए. की सरकार से मांगा गया था, जिससे बुंदेलखण्ड के किसानों की समस्याओं का समाधान किया जा सके। बहन कुमारी मायावती के बार-बार अनुरोध करने के बाद भी यू.पी.ए. की सरकार ने यह पैकेज नहीं दिया।

स्वदेशी पशुओं के लिए विकास के लिए भी बजट में 50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, लेकिन मैं समझता हूं कि इस कार्य के लिए यह राशि काफी नहीं है।

गन्ना किसानों के बकाया भुगतान के लिए बजट में कोई चर्चा नहीं की गई है, जबकि गन्ना किसानों के बकाया भुगतान के लिए इस सरकार ने पहली बार गन्ना मिल मालिकों को लगभग 10,000 करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त ऋण दिया है। यह ऋण उनको इसलिए दिया गया है, कि ताकि वे गन्ना किसानों का बकाया भुगतान कर सकें, लेकिन अफसोस की बात यह है कि इसमे एक रुपया भी मिल-मालिकों को भुगतान के रूप में नहीं दिया है। यह किसानों के साथ अन्याय नहीं तो और क्या है?

महोदय, अगर हम उत्तर प्रदेश की बात करें, तो जब उत्तर प्रदेश में बहन कुमारी मायावती जी की सरकार थी, तब बहनजी ने किसानों को गन्ने का लाभकारी मूल्य दिया तथा समय पर किसानों का उसका भुगतान करवाया। बहुजन समाज पार्टी की सरकार के दौरान किसानों का एक पैसा भी मिल-मालिकों की ओर बकाया नहीं था। बहुजन समाज पार्टी की सरकार के दौरान किसान का एक पैसा भी मिल मालिकों की ओर बकाया नहीं था। यह निराशाजनक ही है कि किसानों की बुनियादी दशा में सुधार का सपना फिर अधूरा रह गया। एक ऐसे समय, जब सूखा एकदम सामने नजर आ रहा है और नेशनल क्राइम ब्यूरो की रपट यह बात सही है कि 2013 में लगभग 13 हजार से ज्यादा किसानों ने आत्महत्या की है, तो उम्मीद की जा रही थी कि सरकार किसानों के लिए नई रोशनी लेकर आएगी, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। पिछले दस साल से देखा जा रहा है कि हर बजट में कृषि की बात होती है, लेकिन यहां-वहां एक-दो योजनाओं की घोषणा करके सरकार हाथ पर हाथ धरकर बैठ जाती है। बजट एक बार फिर से खेती की टिकाऊ और किसानों के लिए खुशहाली का सबब बनाने में असफल रहा है। सच तो यह है कि कृषि के नाम पर एक तरह के * का सिलसिला कायम है। बजट में किसानों को चार प्रतिशत की ब्याज दर आठ लाख करोड़ रुपये का लक्ष्य रख कर सुखद तस्वीर दिखाई गई है। लेकिन मान्यवर, सच्चाई यह है कि इसमें किसानों को केवल 60-70 हजार करोड़ रुपये की मिल पाएंगे, बाकी राशि एग्रो बिजनेस के लिए है। चार प्रतिशत ब्याज पर एग्रो इंडस्ट्रीज को कर्ज मिलेगा और उद्योगों का लाभ होगा, किसानों का नहीं। पहले आर्थिक सर्वेक्षण और उसके बाद आम बजट यह बता रहा है कि

*Expunged as ordered by the Chair.

सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य की प्रणाली समाप्त करना चाहती है। नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट बनाने का फैसला इसी की एक कड़ी नजर आती है। इसका मतलब यह है कि अभी जो मंडियां हैं, उनके ऊपर ऐसी संस्था बनाई जा रही है, जो कुल मिलाकर निजी कम्पनियों के लिए द्वार खोलेगी, अर्थात् यह निजी कम्पनियों के लाभ का बजट है।

महोदय, आज तेल की कम्पनीज को तेल का भाव तय करने की आजादी है, उद्योगपति अपने द्वारा निर्मित सामान का भाव स्वयं तय करता है, दुकानदार अपने माल को अपने भाव पर बेचता है, परन्तु दुर्भाग्य है कि जब किसान की उपज का मूल्य सरकार द्वारा तय किया जाता है, तो किसान का कोई भी प्रतिनिधि उसमें शामिल नहीं किया जाता। उसकी फसल का मूल्य वे लोग तय करते हैं, जिनको यह भी पता नहीं होता है कि कितनी बार गन्ने, गेहूं, धान, सब्जी, दलहन, तिलहन को खाद व पानी दिया जाता है और कितनी बार किस-किस समय उसकी सिंचाई-निराई-गुड़ाई की जाती है। महोदय, मैं किसान का बेटा हूं, किसान हूं और स्वयं ट्रैक्टर चलाकर खेत तैयार करता हूं तथा उसकी बुआई करता हूं। मैं किसान के दर्द को भलीभांति समझता हूं। इसलिए मेरी सरकार से पुरजोर अपील है कि किसान की उपज का मूल्य तय करते समय उसका प्रतिनिधित्व होना चाहिए।

महोदय, कृषि और अनुसंधान के लिए धनराशि का प्रावधान किया गया है। यह अच्छी बात है। नये कृषि अनुसंधान संसाधन खोलने की बात कही गई है। यह भी अच्छी बात है। इससे सरकार किसान का हित साधने की बात कर रही है। परन्तु महोदय, इससे आम किसान को कोई फायदा नहीं होने वाला है, क्योंकि वह पारम्परिक खेती करता है। उसको उन्नत बीज समय पर मिल ही नहीं पाते। किसान अपने लिए बीज स्वयं ही तैयार करता है। इन सब बातों को देखते हुए किसान की रुचि कृषि से हट रही है। इसलिए किसान की हालत में सुधार के लिए सोचा जाना चाहिए, जिससे वह खेती करना न छोड़ दे। अगर उसने खेती करनी छोड़ दी, तो इसका क्या परिणाम होगा, इससे सभी भलीभॉति परिचित हैं। आज खाद्य सुरक्षा बिल की बात जोर-शोर से हो रही है, लेकिन किसानों के बारे में कोई कुछ नहीं सोचता। यदि इससे परेशान होकर किसान का कृषि से मोहभंग हो गया और उसने पैदावार करनी छोड़ दी, तो खाद्य सुरक्षा बिल का क्या होगा और खाद्यान्न की आपूर्ति कहां से होगी? आज कोई भी किसान अपने बेटे को कृषि के कार्य में नहीं लगाना चाहता, क्योंकि वह जानता है कि यह फायदे का कार्य नहीं है।

महोदय, मैं सरकार को बधाई देना चाहता हूं कि किसानों की जो बहुत दिनों से एक आवश्यकता थी - किसान टी.वी., सरकार ने, माननीय वित्त मंत्री जी ने किसान टी.वी. को इसी सत्र में, इसी मौजूदा वित्तीय सत्र में शुरू करने की बात कही है। इसके लिए वे धन्यवाद के पात्र हैं। इससे किसानों को समय-समय पर नयी तकनीकी का पता चलेगा और खेती का ज्ञान होगा। उसे जैविक खेती के बारे में पता चलेगा। इस बात के लिए सरकार धन्यवाद की पात्र है।

मैं एक बात और कहना चाहता हूं। अभी हमारे एक साथी भूमिहीन किसानों की बात कर रहे थे कि भूमिहीन किसानों के लिए कभी कोई प्रोविजन किसी बजट में नहीं किया गया। इस सरकार ने भूमिहीन किसानों के लिए पांच लाख रुपये का प्रोविजन किया है। लेकिन उसमें शर्त

[श्री राजपाल सिंह सैनी]

यह रखी गई कि संयुक्त कृषि समूहों को वे पांच लाख रुपये दिए जाएंगे। मैं समझता हूं कि यह सम्भव नहीं है, क्योंकि जब दो सगे भाई इकट्ठे खेती नहीं कर सकते, तो संयुक्त कृषि समूह कहां से खेती करेंगे? इसलिए मैं नहीं समझता कि इसका लाभ उनको मिलेगा, बल्कि इसका लाभ भी पूंजीपति ही उठा पाएंगे, क्योंकि उनके पास वे समूह बने हुए हैं। किसानों को इसका कोई लाभ नहीं मिलेगा।

महोदय, अंत में मैं अपनी बात समाप्त करने से पहले यह बताना चाहता हूं कि मैं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनपद मुजफ्फरनगर में आता हूं। मैं समझता हूं कि भारत में गन्ने की सबसे अधिक पैदावार मुजफ्फरनगर जनपद में होती है। मुजफ्फरनगर में एक समय एशिया की सबसे बड़ी गुड़ की मंडी हुआ करती थी और वह आज समाप्ति के कगार पर है, जिससे इससे जुड़े किसान, कामगार और आढ़ती भारी नुकसान उठा रहे हैं। इसलिए सरकार मंडियों के लिए ऐसी नीति बनाए कि मृतप्राय रोजगार में जान आ सके तथा इससे जुड़े किसान, कामगार और आढ़ती लाभ की स्थिति में आ सकें।

महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRI SUKHENDU SEKHAR ROY (West Bengal): Thank you, Mr. Vice-Chairman, Sir, for giving me this opportunity.

Sir, according to astrologers, Saturn falls in the line of Mars and enters in the star sign Libra around the time the Budget 2014-15 was placed. Astrological forecast predicts a very tough time ahead in such combination of planetary situations. But I am not sure whether this astrological prediction has any effect on this Budget. शनि की जो अंतर्दशा है, वह इस बजट के ऊपर पड़ेगी या नहीं पड़ेगी, मुझे मालूम नहीं, वह तो आगे देखना पड़ेगा। But even before this Budget was placed, the Government hiked the prices of diesel, petrol, railway passenger fares and, particularly, the freight, resulting into abrupt rise in the prices of essential commodities, particularly, the vegetables throughout the country.

Sir, when I look at this Budget, I find it to be an extension of the previous Budget. Possibly, the Babus of North Block were waiting for change of guards, and only after 16th of May when the results of last Lok Sabha elections were announced, they started doing some denting and painting on the interim Budget placed in February, and this is how the interim Budget has turned to be an ad hoc Budget for the coming eight months.

Sir, everyone must agree with the hon. Finance Minister. Everyone must agree with the hon. Finance Minister that nothing can be achieved or done within forty-five days. It is true. Because of the sluggish economic situation, it is very difficult. Yet, everyone had expected that keeping in view the slogan, 'सबका साथ, सबका विकास'

there will be a new roadmap. But I am constrained to say that this Budget does not reflect any new vision or mission or a dimension for the hungry millions of our country. When I say so, I like to quickly refer to a few figures from the Millennium Development Goals Report, 2014 released by the Secretary-General of the United Nations very recently, wherein, it is stated that one-third of world's poorest of the poor people live in India alone who cannot earn even 1.25 dollar a day, that is to say, the people who cannot earn even ₹ 75 a day, and, incidentally, they constitute one-third of our total population. This is a situation that one-third of our population is poorest of the poor of the world. This Report also says that India is having the highest number of under-five deaths in the world with 1.4 million children are dying on an average per year before reaching their fifth birthday. Not only that, India has an estimated 50,000 maternal deaths per year which is the highest in the world. The Report further says that nearly 60 per cent of the Indians practise open defecation. Sir, this being an alarming situation, this Budget ought to have put special emphasis, considering these development indexes, on extending all support to all those who need it most. But, there is not even a ray of hope for one-third population of our country that figured in the UN Report. This Budget has not reflected any hopes or aspirations for that one-third population of our country.

Sir, this is the situation and I feel ashamed and shocked to know that while one-third of our population is not in a position to even maintain their animal existence, what to speak of living with human dignity, the Boston Consulting Group Report, 2014 says that India shall be the seventh wealthiest nation by 2018 in terms of the number of millionaires and billionaires. So, side by side, यह अंधेरा भी है, यह उजाला भी है। अंधेरा किसके लिए है और उजाला किसके लिए है, इस बारे में बजट में थोड़ी-बहुत चर्चा करनी जरूरी थी, लेकिन हमें अफसोस है कि इस बारे में कोई चर्चा नहीं की गई।

Sir, it establishes beyond doubt that the so-called economic reforms, being perpetuated since the early '90s, has immensely benefited the richest people of this country and not the poorest of the poor.

Sir, It is common knowledge that as the income gaps between the rich and the poor widen, a sub-nation emerged within the nation, leading to economic and social mutinies, which is writ large on every nook and corner of this country, and none of the governments has addressed this problem seriously.

Sir, from this Budget it is clear that the mandarins of the North Block have failed to look at the writings on the wall. Whenever there is a Budget, there is an in-built story of growth, and this Budget is no exception to that story of growth. There are beautiful

[Shri Sukhendu Sekhar Roy]

depictions about how it is visualized and how it is to be achieved. But, when I put the question to myself as to whether growth by itself can create an economically unified nation, pat comes the reply - no! Unless the entire character of development planning itself is changed, providing for more balance between rural and urban areas of the country as a whole, and treating it as an integral and economic hinterland, no inclusive growth can be achieved, particularly when the BPL census undertaken by the Ministry of Rural Development indicates and projects that half of India's rural population live below the Poverty Line. And yet, this Budget maintains the *status quo.*

Sir, the hon. Finance Minister has set a target of reducing the fiscal deficit from 4.1 per cent to 3 per cent in 2017. But the Budget lacks details on revenue and expenditure measures to lower the deficit. This Budget has attributed only one line, at page 3 of the Budget Speech, to the problem of black money, without mentioning anything about the action or sanction to be initiated against countries unwilling to disclose the Indian accounts, and also against the 498 Indian entities operating from different tax havens. The fate of ₹ 750 crores loan default scam involving the Life Insurance Corporation, to the benefit of a private company, is also not known. It reminds me of a similar Life Insurance Corporation scam in the early '50s, involving a Kolkata businessman, because of which the then Finance Minister, Shri T.T. Krishnamachari, had to resign. I want a clarification from the hon. Finance Minister. What is the fate of that ₹ 750 crore scam of the LIC? Sir, I have identified from this book 'Budget at a Glance', 25 schemes for which ₹ 100 crores have been allocated. There are fifteen other schemes and a paltry sum of ₹ 20 crores to ₹ 90 crores has been allocated. So, altogether, there are forty schemes in this Budget and the allocation for them ranges between ₹ 20 crores to ₹ 100 crores. I am just referring to a few of them like *Beti Bachao, Beti Padhao,* Madrasa modernization, tribal welfare and *ghat* development. I am not sure whether *ghats* include bathing ghats, ferry ghats and burning *ghats* too. But ghat development is a new thing that this Budget has highlighted. It is very good. But for these forty schemes, only ₹ 20 crores to ₹ 100 crores have been allocated. I would request someone from the Government to visit West Bengal and ascertain from our beloved leader Miss Mamata Banerjee, who is leading a Government in the most debt-ridden State of India, as to how she has allocated ₹1,000 crores for *Kanyashree* scheme which is identical to this *Beti Bachao, Beti Padhao* scheme, but initiated much earlier. This House will be happy to know that this Kanyashree scheme initiated by Miss Mamata Banerjee has got the appreciation of the United Nations and the United Nations has taken it up as a role model, and in the coming weeks in London there will be a summit to discuss on the pros and cons of this *Kanyashree* scheme and how to implement this scheme in other States of the world. Sir, this is the way a Government should function. But here we

have found that only a paltry sum of ₹100 crores has been allocated for *Beti Bachao, Beti Padhao.* Sir, similarly, ₹100 crores have been allocated for "Start Up Companies" for rural youth and I consider this is a cruel joke. This is a cruel joke to 55 crore youths of our country. Only ₹100 crores for "Start Up Companies" for the youth! Sir, if forty Central schemes which have an allocation of Rs.100 crore each is divided among 29 States and 7 Union Territories, what will be the actual amount to be received by the States and Union Territories? If it is equally divided, then each State or Union Territory will get only ₹ 2.77 crore for *Beti Bachao, Beti Padhao,* or Start Up Companies for youth, for Tribal Welfare, for Ghat Development and Madarsa Development. This is horrible, I must say. The Government must come out with a clarification on the matrix behind such laughable allocation. Sir, there are such other schemes too. I am quickly referring to two or three schemes. One, rupees hundred crore for soil health card for kisans. The Government is so sympathetic to kisans that only ₹ 100 crore has been allocated for soil health card for *kisans.* Only ₹ 50 crore are provided for blue revolution. What is that blue revolution? We have had white revolution and green revolution. What is that blue revolution? That is development of inland fisheries notwithstanding the prospect of export of prawns and other Indian fish to foreign markets. Then, Sir, ₹ 100 crore are provided for Madarsa modernization. How many Madarsas are there in the country? Thousands of Madarsas are there. What will be the share of each Madarsa if ₹ 100 crore is divided among 29 States and 7 Union Territories? And, they call this minority welfare! Next comes, ₹ 200 crore for national heritage cities. Which are the cities identified as national heritage cities? What is the criterion? Is it only for sites of pilgrimage or cities of rich cultural heritage with long historical background? This needs a proper clarification.

Sir, ₹ 100 crore have been allocated for *'Van Bandhu Kalyan Yojana. '*What a tribute to our brethren living in the forest zone of the country, the tribal people! Sir, for the Small and Medium Enterprises, nothing has been allocated but an assurance has been given that there will be a Committee to evaluate it, and, thereafter, appropriate steps will be taken. Whenever Government wants to bypass something, the Government constitutes a committee or a commission to put the issue into cold storage. How many committees are running there in this country? How many corporations are running there in this country? Commissions after commissions, and, committees after committees. Punchhi Commission was set up on the Centre-State relations. It submitted its recommendations in 2010. We are in the middle of 2014. Three and a half years have elapsed. The recommendations of Punchhi Commission are yet to be accepted by the Government. The previous Government did not initiate any action. I do not know whether the new Government will do anything. But because now there is a person like Shri Arun Jaitley at the helm of affairs, I sincerely believe that some action will be taken in this regard so that the recommendations of the Punchhi Commission are accepted.

[Shri Sukhendu Sekhar Roy]

Sir, the BJP's manifesto released on 7th of April categorically ruled out and disallowed the genetically modified foods without scientific evaluation. But what happened on 18th July, just five days back. It is reported that the Environment Ministry has given a green signal for field trials of GM rice, mustard, cotton, chickpea and brinjals. My question is: what change has taken place between 7th of April and 18tn of July? This House needs a clarification. Are you listening? What is your Swadeshi Jagran Manch saying in this regard? Kindly go through the *Organizer* paper; your paper, I believe. What has the Swadeshi Jagran Manch stated? They have made a hue and cry against this field trial of GM rice, etc.

Sir, ₹ 1,500 crore have been allocated for National Ganga Plan. When you say, 'national', you must keep in mind that Ganga does not emanate from Varanasi or ends at Varanasi. Ganga emanates at Gomukh in Uttarakhand, and, after flowing through vast tracks of Uttar Pradesh and Bihar, it merges with Bay of Bengal at Sagar Island in West Bengal. I would like to know whether the Government, while undertaking the National Ganga Plan, is aware of the fact that the Gangotri glacier near Gomukh, which is the source of Ganga, is receding at the rate of 19 metres per year, and, according to NASA, the total recession of the Gangotri glacier is 1,147 metre in the past 61 years. This is the estimation of NASA. Sir, global warming, of course, is one of the major reasons but rampant deforestation from Haridwar to Gangotri glacier, and, construction of a number of dams and bridges from upstream to downstream have created a situation that may lead to disappearance of Ganga, as the original flow of Saraswati river has disappeared. If the Government is serious about the National Ganga Plan, it should have more scientific and more ecological approach to the scheme than the emotional or religious passion being shown in some corners. Sir, the hon. Prime Minister, Shri Narendrabhai Modi, has time and again said that he has himself experienced poverty since his childhood. The commitment of poverty elimination was also reflected in the President's Speech delivered on June 9, 2014. But, in this Budget, only rupees one thousand crores have been enhanced in respect of MNREGA compared to last year's allocation, although MNREGA needs a much higher allocation to be a genuine guarantor of employment to the poor. When the country is confronted with severe drought, only one thousand crore rupees have been allocated for irrigation schemes. While the Centrally-sponsored schemes have been re-structured, the Union Government's assistance to the States has been drastically slashed from nearly ₹ 40,000 crores to under ₹ 6,000 crores. There is no mention about granting fiscal autonomy to the States and the demand of the States, including the BJP-ruled States, that there should be 50-50 sharing of Central tax revenue between Centre and States or, for that matter, inclusion of cess and surcharges for devolution to the States. Sir, there must

be a dispute redressal mechanism at the Central level to prevent the Finance Ministers of different States of India from visiting the corridors of North Block or the Planning Commission with begging bowls. And, I appeal to the Government to consider whether the Finance Commission can be given a permanent status by changing our Constitution. Sir, there is also no assurance of providing adequate compensation to the States for the revenue loss that will be incurred due to interest on GST, although rupees nine thousand crores were allocated in the last year's Budget. This Budget is also conspicuously silent about implementation of General Anti Avoidance Rule, popularly known as GAAR, which is being deferred from time to time to the benefit of the corporates. Sir, after this thing, the slogan of 'cooperative federalism', when I look at this Budget, I find the commitment made in the President's Address - and here I quote only one line from the Address of the President, "High priority will be accorded to bring Eastern region of the country at par with the Western region in terms of physical and social infrastructure." It is almost absent. Only one industrial corridor, that is, Amritsar to Kolkata industrial corridor, which was taken up by the previous Government, has been announced which will benefit not only the Eastern region but also some other States of Northern India also. That has been announced. If the Government is still interested in its 'Look East' policy, then I would suggest that the Amritsar-Kolkata industrial corridor must be extended up to Siliguri which is the gateway of Sikkim, Bhutan and seven North-Eastern States. Sir, no assurance has been given for granting adequate financial assistance to West Bengal in particular and Eastern States of Bihar, Odisha and Jharkhand despite the fact that the interest payments are increasing owing to debt stress of West Bengal inherited from the previous Government. I demand for a moratorium on all arrears and debts of West Bengal inherited from the past.

Sir, this apart, neither Horticulture University nor a textile cluster has been sanctioned for West Bengal in this Budget. So many horticulture universities and textile clusters in the country have been announced. In spite of the fact that West Bengal is the largest producer of fruits and vegetables in the country and has tremendous potential for raw silk and cotton, no textile cluster or horticulture university has been sanctioned.

It is a perennial problem with the jute industry. Among the seven jute-growing States of India, West Bengal has the largest number of jute growers apart from four lakh labourers engaged in sixty-two jute mills situated in West Bengal. Instead of patronising the jute industry in the same manner as the sugar industry has been given relief, the compulsory provision of jute packaging of foodgrains and sugar has been diluted substantially endangering the future of jute industry. Similar is the situation with the tea industry. In spite of the mandatory provisions in the Tea Act, 1952, the Tea Board,

[Shri Sukhendu Sekhar Roy]

which is a Central Government organisation, has neglected and failed to come to the rescue of the tea plantation workers and extend assistance in improving their sub-human conditions.

A mere slogan of cooperative federalism will not do. When you talk about partnership and participatory democracy, the Government must recognise that India has no otner identity than 'a Union of States' as enshrined in the very first Article of the Constitution of India. And this Article of the Constitution of India is an article of faith to all the Indians living in this country.

Sir, India is a federation. The Government must also recognise that the States are closer to the ground and, therefore, more effective in delivering public services like food, health, education, roads, transport, etc. Even the fields like agriculture, industry, irrigation, power generation and supply, etc., are the core areas where the State-sponsored schemes and policies depending upon diverse socio-economic and geological considerations run successfully than the Centrally-sponsored schemes. The Government must adhere to the recommendations of the Sarkaria Commission and the Punchhi Commission on the Centre-State Relations in this regard. Once it is done, the States would receive an appropriate increase in their shares of the divisive pool to be recommended by the Fourteenth finance Commission.

(MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the Chair*)

I would urge upon the hon. Finance Minister to look into this aspect with all seriousness. This would also end the Planning Commission's role as a fiscal agent for devolution of resources at its whims and fancies.

Sir, there is a popular belief that after being routed in the last Lok Sabha election in West Bengal, the BJP led Central Government has resorted to political vendetta against the State. I am sorry to say this.

कि सेबी आएगा तो रेग्युलेट करेगा, देश में सारी पोंजी स्कीम्स खत्म हो जाएंगी। जो तमाम लोग छोटे लोगों का रुपया मार ले जाते हैं, उनको सेबी रेग्युलेट करेगा। करीब सौ कम्पनियां ऐसी हैं, जिन पर सेबी ने अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की। आप कहें तो मैं उनके नाम दे दूं जिन्होंने लाखों करोड़ रुपए का गबन किया है। इन्होंने सेबी को पॉवर देने की बात इसलिए की क्योंकि देश के एक बड़े भारी पूंजीपति को इन्हें जेल में डालना था। ये कांग्रेस वाले, इनके यहां से फरमान हुआ, उस समय के वित्त मंत्री जी उस फरमान को लेकर चल दिए और सेबी को इतनी बड़ी पॉवर देने लगे। विश्व में किसी भी रेग्युलेटर को इतनी बड़ी पॉवर नहीं थी कि अपना कोड बनाए, जिसको चाहे बंद कर दे, जिसको चाहे सजा दे दे, यानी सब काम सेबी करे। हम सब लोगों ने फाइनेंस कमेटी में उसका विरोध किया। हम लोगों ने कहा कि पहले पूरे वर्ल्ड में, जहां भी रेग्युलेटर्स हैं, कम से कम उनकी पॉवर्स को तो देख लीजिए। आज भी शारदा ग्रुप है, अलकेमिस्ट है, रोज वैली है, तमाम ऐसी कम्पनियां हैं, जिन्होंने जनता का हजारों करोड़ रुपया मार लिया, लेकिन आप चुप हैं, आपका सेबी कुछ नहीं बोल रहा है क्योंकि सरकारी दबाव में कोई कार्यवाही नही हो रही है। महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में आप एक नया नारा लेकर आए- "कोऑपरेटिव फैडरेलिज्म"। बड़ी जोर-शोर से नारा दिया, 'सबका सहयोग लेंगे, सबको साथ लेकर चलेंगे।' मैं माननीय वित्त मंत्री जी से कहना चाहता हूं, वित्त मंत्री जी यहां मौजूद नहीं हैं, श्रीमती निर्मला सीतारमण जी हैं, वे अभी ब्रिक्स सम्मलेन में भी गयी थीं, मैं उनसे कहना चाहता हूं कि जब आपने बजट बनाया, उस समय देश के सारे उद्योगपतियों को आपने बुलाया, लेबर लीडर्स को बुलाया, इकोनॉमिस्ट्स को बुलाया। अगर आप कोऑपरेटिव फैडरेलिज्म की बात कर रही हैं तो क्या आपको देश के मुख्य मंत्रियों को नहीं बुलाया चाहिए था? आखिर हमारे राज्यों से आप आमदनी लेते हैं, सेंट्रल गवर्नमेंट की सारी आमदनी राज्यों पर निर्भर है। आपने एक बार भी राज्यों के मुख्य मंत्रियों के साथ बैठकर बात नहीं की कि हम कैसा बजट बनाएं, किस राज्य को क्या जरूरत है? आपने देश के एक किसान से बात नहीं की और आप कहते हैं कि हमारे देश की 70 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है, हमारी अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है। इस देश की अर्थव्यवस्था आज तक भी कृषि पर आधारित है, लेकिन आपने एक किसान को बुलाना उचित नहीं समझा। सारे उद्योगपति, सारे लेबर लीडर्स, सारे इकोनॉमिस्ट्स तो आपने बुला लिए, लेकिन अर्थव्यवस्था की रीढ़ को आपने छोड़ दिया। हम कैसे मान लें कि आपका यह नारा बहुत अच्छा है, आप किसानों की मदद करना चाहते हैं और आप राज्यों को साथ लेकर चलना चाहते हैं? रेलवे बजट में भी यही हुआ-किसी भी राज्य को नहीं बुलाया गया। हमने तो कहा था, 1000 किलोमीटर लम्बा उत्तर प्रदेश है, 22 करोड़ की हमारी आबादी है, रेल ने हमें क्या दिया? कल रेल मंत्री जी ने अपने जवाब में उत्तर प्रदेश का नाम लेना तक उचित नहीं समझा। या तो प्रधान मंत्री जी में और उनमें झगड़ा है, बी.जे.पी. की आंतरिक कलह है। प्रधान मंत्री अब उत्तर प्रदेश के प्रधान मंत्री है, प्रधान मंत्री गुजरात के नहीं हैं। लेकिन उन्होंने एक बार भी उत्तर प्रदेश का नाम लेना अपनी तौहीन समझा। अगर वे उत्तर प्रदेश का नाम ले लेते तो लगता कि रेल बजट में उत्तर प्रदेश की भी कोई बात हुई है। उन्होंने रेल बजट में उत्तर प्रदेश की पूरी उपेक्षा की जैसे इस बजट में उत्तर प्रदेश की उपेक्षा की गयी है। मैंने उस दिन स्वास्थ्य मंत्री से पूछा कि एम्स जैसा संस्थान उत्तर प्रदेश को मिला? उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को एक नहीं मिला, रायबरेली को पहले मिल चुका है। महोदय, नेशनल हाईवेज को देख लीजिए। सबसे कम नेशनल हाईवेज उत्तर प्रदेश में हैं और

सबसे अधिक नेशनल हाइवेज साउथ में हैं। क्यों उत्तर प्रदेश की उपेक्षा हो रही है? यही मैं कह रहा हूं। सबसे ज्यादा प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश के हैं, देश में जितने प्रधानमंत्री बने, 90 प्रतिशत उत्तर प्रदेश के हैं। मैंने कहा कि उत्तर प्रदेश की उपेक्षा हो रही है। हमने तो कहा कि उत्तर प्रदेश को विशेष आर्थिक पैकेज दीजिए। आपने उत्तर प्रदेश को विशेष आर्थिक पैकेज देने की बात भी नहीं की। आप देते, मैंने तो कहा, हम मानक में आ रहे हैं, उत्तर प्रदेश एक गरीब प्रदेश है, लेकिन आपने उत्तर प्रदेश को कहां प्राथमिकता पर लिया? बनारस में केवल एक मिनी सचिवालय खोल देने से उत्तर प्रदेश की गरीबी दूर नहीं हो जाएगी, उत्तर प्रदेश का विकास नहीं हो जाएगा। गंगा के साफ हो जाने से उत्तर प्रदेश की समस्या का समाधान नहीं हो जाएगा। आपने इतने बड़े उत्तर प्रदेश में कल्पना के विपरीत 73 सीटें जीतीं, उस उत्तर प्रदेश की आप ऐसे उपेक्षा करेंगे? आपके यहां यह झगड़ा चल रहा है कि नम्बर दो कौन होगा? अब नम्बर दो कौन होगा, यह तो पता नहीं है, ...(**व्यवधान**)... चलो, हमारी सरकार के अटॉर्नी जनरल मैत्रेयन जी हैं, इन्होंने सैटल कर दिया होगा। हम इनको सरकार का अटॉर्नी जनरल कहते हैं। ...(**व्यवधान**)... कि सरकार में जो झगड़ा हो मैत्रेयन जी ठीक कर देंगे। ...(**व्यवधान**)... हम तो कहेंगे कि यहां हमारी बड़ी बहन बैठी हैं, ये बता दें कि आपकी पार्टी में नम्बर दो कौन है? आप नहीं बता पाएंगी, इसलिए हम आपको विवाद में नहीं डालना चाहते। ...(**व्यवधान**)... आप हमारी इतनी प्यारी बहन हैं, हम आपको विवाद में नहीं डालना चाहते। यदि और कोई हो, तो यह बता दे। देश में सूखा है और सरकार में झगड़ा है कि नम्बर दो कौन है। मैं तो कहूंगा कि आज घोषित कर दीजिए कि सरकार में नम्बर दो कौन है और नम्बर तीन कौन है? वैसे दो नम्बरी होता बड़ा खराब है। हम लोग दो नम्बरी को अच्छा नहीं मानते। ...(**व्यवधान**)... अब इसमें झगड़ा है। हमारे नाम राशि कुछ बोल रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री अनिल माधव दवे (मध्य प्रदेश) : ट्रक के पीठ लिखा होता है, ''जल मत बराबरी कर। खुदा तुझे भी देगा इंतजार कर।''

श्री नरेश अग्रवाल : यही सीख आप अपने ऊपर लीजिएगा। ...(**व्यवधान**)...

श्री अनिल माधव दवे : हमको तो दे दिया। ...(**व्यवधान**)... हमको तो छप्पर फाड़कर दे दिया। इतना दिया है कि झोली में भी नहीं समा रहा है।

श्री नरेश अग्रवाल : काले धन के मुद्दे को बड़े जोर-शोर से उठाया गया। यह कहा गया कि हमारी सरकार बनेगी, तो हम स्विटजरलैंड से सारी ब्लैक मनी ले आएंगे और देश की सारी ब्लैक मनी निकाल लेंगे। बाबा रामदेव ने भी बी.जे.पी. के बिहाफ पर ब्लैक मनी का नारा दिया था। हम लोग तो यह समझ रहे थे कि सरकार आएगी और तुरंत काला धन वापस आएगा।

मैं आज ही पढ़ रहा था कि स्विटजरलैंड इस बात पर राजी हुआ है कि आप अपनी एक टीम भेज दीजिए, हम वार्ता करेंगे। अभी स्विटजरलैंड इस बात पर राजी नहीं है कि हम आपको नाम देंगे, क्योंकि स्विटजरलैंड आपकी बात को गंभीरता से नहीं लेता। स्विटजरलैंड का बैंक ही तो मुख्य धंधा है। स्विटजरलैंड की पूरी इकोनॉमी बैंक पर चल रही है। कोई देश आपके लिए

[श्री नरेश अग्रवाल]

अपनी इकोनॉमी खत्म कर देगा? आप कुछ भी कहते रहें। मैं तो कहता हूं कि जिन्होंने स्विटजरलैंड में काला धन जमा किया है, उनके खिलाफ फ्रुटफुल कार्रवाई कीजिए। कल वित्त मंत्री जी इनकम टैक्स आर्फिसस के सम्मेलन में गए थे। उन्होंने कहा कि देश का भी काला धन निकालों। हमारे देश में कितने परसेंट लोग इनकम टैक्स दे रहे हैं? तीन या चार परसेंट से ऊपर देश का आम नागरिक इनकम टैक्स नहीं दे रहा है, सात-आठ परसेंट आपके कर्मचारी इनकम टैक्स दे रहे हैं। आप देश का इनकम टैक्स तीन परसेंट से ऊपर नहीं बढ़ा पाए हैं, आप क्या बात करते हैं? वैसे तो चिदम्बरम जी ने एक बार लोगों से कह दिया था कि जितना भी काला धन दिखाओगे, हम उसके बारे में नहीं पूछेंगे और तीस परसेंट टैक्स ले लेंगे, लेकिन उससे आपकी जो व्हाइट मनी बनेगी, उसको इस देश के इंफ्रास्ट्रक्चर और विकास में लगाइए। आप क्यों नहीं इस प्रकार की डिक्लेयर्ड स्कीम ले आते? आप एक बार ऐसी डिक्लेयर्ड स्कीम ले आइए। आप एक बार फिर पूरे देश को मौका दे दीजिए, क्योंकि कहा जाता है जितनी व्हाइट मनी उससे तीन टाइम ब्लैक मनी मार्केट में है। उस ब्लैक मनी को बाहर निकालने के लिए यह स्कीम क्यों नहीं लाते हैं? आप कितने छापे मारेंगे? आप बड़े-बड़े लोगों के यहां तो छापा मार देंगे, लेकिन सभी जगह तो छापा नहीं मारेंगे। आप खुद अपने जवाब में बता दीजिए कि इस देश में कितने परसेंट लोग इनकम टैक्स देते हैं? आपने कहा है कि हमने इनकम टैक्स पर पचास हजार की छूट दे दी है, यह तो 'ऊंट के मुंह में जीरा' के बराबर है। आपकी यह छूट कितने लोगों पर लागू है, इनकम टैक्स से क्या फायदा हुआ? अगर आपको वाकई में देनी थी, तो आप किसान के लिए कोई घोषणा करते। आज सुबह लोग पूछ रहे थे कि आपका एन.पी.ए. कितना है? इस देश में किसान, गरीबी और महंगाई, तीन सबसे महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। सरकार ने इनके ऊपर तो कोई बात ही नहीं की। अमरीका में भी किसान को सब्सिडी दी जाती है, आस्ट्रेलिया में भी किसान को सब्सिडी दी जाती है। जो बड़े मुल्क हैं, उन मुल्कों में अमीर किसान हैं और हमारे मुल्के में गरीब किसान हैं। हमने कहा है कि आप उस अमीर किसान को छोड़ दीजिए, गरीब किसान की बात कीजिए। आपका एन.पी.ए. बढ़कर चार परसेंट हो गया। यह दो परसेंट होना चाहिए। आप अपनी इक्विटी पूरी करने के लिए हर बार सरकार की तरफ से बैंकों को मदद दे रहे हैं। बैंकों के सी.एम.डी. राजा हैं, वे जैसे चाहे बैंक से धन खर्च करें, उनको रोकने वाला कोई नहीं है। वे जिस पर खुश हो गए, उसको बिना कोई गांरटी लिए चाहे जितना धन दे दें। एन.पी.ए. बढ़ता चला जा रहा है। मैं आपके सामने एक लिस्ट रख रहा हूं, जो लिस्ट आई है, उसमें लगभग 57 हजार करोड़ रुपये बाकी हैं। बैड लोन्स की जो लिस्ट निकली है, उनमें जो कंपनियां हैं, उनमें किंगफिशर, ₹ 4,022 crore, Winsome Diamond ₹ 3,243 crore, Electrotherm India ₹ 2,653 crore, Corporate Power ₹ 2,487 crore, Sterling Biotech ₹ 2,031, Forever Precious ₹ 1,754 crore, KS Oil ₹ 1,705 crore और Zoom Developes ₹ 1, 419 crore हैं। ये आपके बड़े डिफाल्टर्स हैं। अगर किसान पर 1000 रुपये भी बाकी रह जाते, तो बेचारे की आर.सी. तहसील में चली गई होती, लाल शब्दों में मोटा-मोटा नाम लिख दिया जाता और शाम को उसे पकड़कर चौदह दिन के लिए तहसील की जेल में डाल दिया जाता। क्या इनके लिए यह कानून नहीं है? क्या इस देश में दो कानून हैं? क्या बड़े लोगों के लिए अलग कानून है और गरीबों के लिए अलग कानून है? मैंने जो

किसान की बात उठाई है, मैं पूछता हूं कि सूखा पड़ रहा है, इसके लिए आपने क्या घोषणा की है? थोड़े दिनों में बाढ़ आने की स्थिति हो जाएगी। जब बाढ़ आने की स्थिति होगी, तो आप क्या मदद देंगे? आपने खुद अपने घोषणापत्र में किसान की उपज के मूल्य के बारे में कहा है। आप हर जगह कहते थे यदि भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आई तो किसान का जो उपज मूल्य होगा, हम उसका ड्योढ़ा मूल्य घोषित करेंगे, जिससे किसान अच्छा जीवन जी सके। अगर उसका उपज मूल्य 1000 रुपये आएगा, तो क्या आप 1500 रुपये की घोषणा करेंगे? आपने कितना मूल्य बढ़ाया है? आपने धान में पचास-साठ रुपये बढ़ा दिए, पर क्या यह किसान की लागत के बराबर भी है? किसान की मार्किटिंग के लिए क्या व्यवस्था बनी हुई है? किसान अपनी फसल उपजाता है, लेकिन उसको खरीदने वाला कोई नहीं है। अगर मंडी में बिचौलिये न हो, तो किसान को खाना खाने के लिए पैसा नहीं मिलेगा, वह अपनी बेटी की शादी नहीं कर सकता, उसका ट्रैक्टर इकोनॉमिकल नहीं हैं, जोत छोटी हो गई। अगर किसान एक ट्रैक्टर खरीद ले, उससे लोडिंग/अनलोडिंग न करे, सामान न ढोए तो केवल एग्रीकल्चर के माध्यम से वह उसकी किस्त भी अदा नहीं कर सकता है। आप इस देश के किसान को क्या दे रहे हैं? मैंने आपसे कहा है कि आप छोटी जोत खत्म करने के लिए कानून बनाइए, जिससे अलाभकारी जोत न हो, खेती की तरफ लोगों की रुचि समाप्त न हो। देश ने आज तक ऐसा कोई कानून नहीं बनाया है, क्योंकि आजादी के बाद तीन बार परिवार बालिग हो गए। एक परिवार में तीन-तीन बार बंटवारा हो गया, जिससे जोत बहुत छोटी हो गई। आप कानून क्यों नहीं बनाते हैं? आप किसान में रुचि पैदा क्यों नहीं करते हैं? क्यों गांव का आदमी शहर की तरफ भाग रहा है? अगर यही स्थिति बनी रही और आपका एग्रीकल्चरल सिस्टम टूट गया, तो कृषि आधारित आपकी अर्थ नीति भी टूट जाएगी। यदि आपकी व्यवस्था टूट गई, आमदनी टूट गई, तो देश का क्या होगा? श्रीमन्, देश प्राथमिकता है। अगर इस देश के किसान, मजदूर और गरीब की बात नहीं हुई, तो व्यर्थ है। आज हम सभी मानते हैं कि यह प्राथमिकता है। आपने गरीब की परिभाषा बताने के लिए चार कमीशन बना दिए। सक्सेना कमीशन, सेनगुप्ता कमीशन, तेंदुलकर कमीशन, इसके बाद रंगराजन कमीशन। सिर्फ वर्ल्ड बैंक से लोन लेने के लिए आपने इन कमीशन्स को बिठाकर हिन्दुस्तान के गरीबों की संख्या कम ही है। मजाक तो तब हुआ, जब तेन्दुलकर कमीशन ने गांव में 18-20 रुपये और शहर में 30 रुपये पाने वाले व्यक्ति को परिभाषित किया। यह मजाक इनकी सरकार ने किया था और फिर आपकी सरकार में रंगराजन जी ने फिर से यह मजाक कर दिया कि 33 रुपये, 47 रुपये पाने वाला व्यक्ति इस देश में गरीब नहीं रहेगा। हमने तो रंगराजन जी से कहा था कि हम आपको अपनी जेब से सौ रुपये देते हैं, आप गांव में एक रात रहकर दों टाइम खाना खाकर आओ, तो मैं समझूंगा कि आपने एक सही रिपोर्ट दी है। लेकिन नहीं, चूंकि इनको वर्ल्ड बैंक और विश्व के अन्य बैंक्स को दिखाना है कि हमने आपसे गरीबी हटाने के लिए, हिन्दुस्तान की डेवलपमेंट के लिए जो लोन लिया, उस लोन के माध्यम से हमने देश में गरीबी घटा टी। इन फर्जी आंकड़ों से कोई फायदा नहीं होगा। आपको सत्यता पर चलना होगा। अगर आपने इस देश की गरीबी और बेरोजगारी पर विचार नहीं किया, यदि आपने सही मायनों में, सत्यता से इस देश के डेवलपमेंट की बात नहीं की, तो सरकारें तो आती जाती रहेंगी, लेकिन अगर देश गरीब रहा, देश का कुछ

[श्री नरेश अग्रवाल]

नहीं हुआ, तो हम लोग क्या करेंगे? हम राजनीति में तनख्वाह लेने के लिए नहीं आए हैं। हम अपने विचार देकर देश की समस्या का समाधान करने के लिए आए हैं।

MR. DEPUTY CHAIRMAN : I am also enjoying your speech, लेकिन मैं क्या करूं? आप बोर्ड की तरफ देखिए, आपका टाइम खत्म हो गया है। You can take two or three minutes more.

श्री नरेश अग्रवाल : श्रीमन्, हम महंगाई की बात कर रहे हैं। सरकारी आंकड़ों में लिखा जाता है कि थोक मूल्य सूचकांक कम हुआ है। हमने महंगाई पर पर भी रोक लगा दी और अब जो फुटकर सूचकांक है, हम उसे 13 से 9 परसेंट पर ले आए। हम आज तक समझ ही नहीं पाए कि 9 परसेंट या 13 परसेंट क्या है। आज ही मैं अखबार में पढ़ रहा था कि टमाटर के दाम 300 परसेंट बढ़ और प्याज के दाम 50 परसेंट बढ़ गए। आप सब भी बैठे हुए हैं। तरुण भाई, अगर हम गलत बात कह रहें हैं, तो आप हमारी बात काट दीजिएगा। मैं तो सारे अखबारों में आज सवेरे पढ़ रहा था कि टमाटर के दाम 300 परसेंट और प्याज के दाम 50 परसेंट बढ़ गए। एक जमाने में जब हम लोग सब्जी खरीदते थे, तो हरी मिर्च, पुदीना और धनिया मुफ्त दे दी जाती थी। जब हम लोग छोटे थे, तो हम भी सब्जी लेने बाजार जाते थे, तो वह साथ में मुफ्त दे देता था। श्रीमन्, अब मुफ्त तो छोड़िए, पहले तो 100 रुपए में एक महीने की सब्जी ले आते थे, अब तो 1,000 रुपए में एक दिन की सब्जी नहीं मिल रही है। आप स्वीकार क्यों नहीं करते कि देश में महंगाई है। आपने 500 करोड़ रुपए का बजट रख दिया है कि इससे महंगाई दूर करेंगे, लेकिन 500 करोड़ रुपए में आप महंगाई कैसे दूर करेंगे? आप कहां पर 500 करोड़ रुपए लगाएंगे? प्याज की सब्सिडी में लगाएंगे, टमाटर में लगाएंगे, किसान के बीज में लगाएंगे, खाद में लगाएंगे या अन्य सब्जियों में लगाएंगे? आटा, दाल, घी - सभी चीजें तो आदमी की जरूरत होती हैं। मैं चाहता हूं कि आप 500 करोड़ रुपए का बाइफरकेशन करके बता दें, जिससे पूरा देश सुने कि आपने जो 500 करोड़ रुपए महंगाई रोकने के लिए रखे हैं, क्या आपने वे 500 करोड़ रुपये कर्मचारियों की तनख्वाह के लिए रखे हैं, जो महंगाई को रोकेंगे? आपने 500 करोड़ रुपए इस देश में महंगाई रोकने के लिए रखे हैं। लोगों के दिमाग में एक शंका है कि इन्फ्रास्ट्रक्चर होगा, कौन महंगाई रोकने जाएगा, आप किसको इस्तेमाल करेंगे, अगर राज्य सरकारों को देंगे, तो कितने-कितने रुपए राज्य सरकारों के जिम्मे पड़ेंगे, अगर एड्वर्टाइजमेंट के लिए देंगे, तो एड्वर्टाइजमेंट इतना महंगा हो गया है कि उसमें 500 करोड़ रुपए का पता नहीं चलेगा। यह 500 करोड़ रुपए आप कैसे खर्च करेंगे? महंगाई कैसे रुकेगी? खाली आंकड़ों पर मत जाइए। अभी कुछ दिन पहले इस सदन में महंगाई पर चर्चा हो रही थी, तो सारे सदन ने उस पर चिन्ता व्यक्त की थी, चाहे इधर के सदस्य हों, चाहे उधर के। जो चीजे सही है, सब लोग बोलते हैं। पूरे सदन ने चिन्ता व्यक्त की थी। यह मत सोचिए कि महंगाई से आपके नम्बर कम नहीं हो रहे हैं। आप महंगाई की आलोचना करके यहां आए हैं। यही ठीक है कि नरेन्द्र मोदी जी के खिलाफ लोग नहीं सुनना चाहते थे। हम लोग खुद चुनाव हारे। चुनाव हारने के बाद हम जान गए थे कि जनता का मूड क्या है, लेकिन जब आपकी आलोचना शुरू हुई, तो हम लोगों की हिम्मत बनी कि चलिए, कहीं पर तो शुरुआत हुई।

श्री उपसभापति : नरेश जी, अब आप समाप्त कीजिए।

श्री नरेश अग्रवाल : मैं जल्दी खत्म कर रहा हूं।

हम उत्तर प्रदेश वाले हैं, कही भी मौका मिले, हम राजनीतिक स्टेट हैं। आखिर नरेन्द्र मोदी जी को भी प्रधान मंत्री बनने के लिए गुजरात से उत्तर प्रदेश आना पड़ा, क्योंकि वे जानते थे अगर वे गुजरात से जीतेंगे, तो कभी प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे। प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश से बनते हैं। हमने हरदम कहा है कि गुजरात सफल व्यापारी दे सकता है, लेकिन सफल नेता उत्तर प्रदेश ही देगा। यह मान कर चलिएगा कि इस देश में अगर कोई सफल राजनेता पैदा करता है, तो वह उत्तर प्रदेश पैदा करता है। राजनीति की दिशा अगर कोई देता है, तो वह उत्तर प्रदेश देता है। इसलिए सब प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश के होते हैं। पिछली सरकार में मनमोहन सिंह जी तो लिखा-पढ़ी में थे, रिमोट तो दस जनपथ में था। वह भी उत्तर प्रदेश से था। मैं तो बड़ा साफ कहता था कि रिमोट दस जनपथ में था। आज कही-न-कहीं रिमोट है। आर.एस.एस. का कैंप झंडेवालन में है, वहां पर रिमोट है।....**समय की घंटी**...

चलिए, मेरे बड़े भाई आ गए। मुझे अभी बहुत कुछ कहना था, लेकिन अंत में मैं इतना कहना चाहूंगा कि आदरणीय जेटली जी, आप जब इधर बैठे थे, तो मैं आपसे बहुत कुछ सीखता था। यद्यपि मुझे भी राजनीति में 35 साल हो गए हैं, यह ठीक है कि मैं लोअर हाउस में था, विधान सभा में था, मंत्री रहा। वहां राजनीतिक कलाबाजी भी सीखी, वहां आंकड़ों की जादूगरी भी सीखी। पक्ष में कैसा बोला जाए, विपक्ष में कैसा बोला जाए, सरकार कैसे बनाएं, कैसे बिगाड़ें, यह भी हमने बहुत किया। इसकी कलाकारी भी हमने बहुत अच्छी की है। लेकिन हम सबका एक उद्देश्य है, हम एक सोच के साथ आए हैं कि अगर हमारा हिन्दुस्तान अच्छा रहेगा, तो हम सब अच्छे हैं और जीने का फायदा है, राजनीति करने का फायदा है। अगर हमारा हिन्दुस्तान अच्छा न हुआ, हम राजनीति करते रहे, तो शायद हम अपने कर्तव्यों की इतिश्री नहीं कर रहे हैं। मैं आपसे यह अपील करूंगा कि मैंने बजट के प्रावधानों के बारे में जो बातें उठाई हैं, आप यहां नहीं थे, आप उन्हें पढ़ लीजिएगा, उन चीजों के बारे में भी सोच कर अगर आप बजट में थोड़ा बदलाव करेंगे और वाकई में देश के किसान, गरीब और इस देश में रामराज्य की कल्पना करेंगे, तो मैं आपका साथ दूंगा, अन्यथा डट कर विरोध करूंगा। बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRI P. RAJEEVE: Mr. Deputy Chairman, Sir, we are discussing the maiden Budget of the NDA Government. In the first sentence of the Budget Speech of the hon. Finance Minister, he has used the word 'change'. But it remains as a word without any implication. We could not find any change of policies in the Budget of the NDA Government. It is as same as of the UPA Government. We have seen respected Deputy Leader of the Congress Party, Shri Anand Sharma, strongly arguing for getting the pattern of Shri Arun Jaitley's Budget.

[THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V.P. SINGH BADNORE) in the Chair]

Sir, the former Prime Minister, Dr. Manmohan Singh, has ascertained that this is the same pattern of his Government Budget. I quote, "This is a Budget which could have well been presented by the UPA itself." This is a comment of the former Prime Minister, Dr. Manmohan Singh. Sir, the former Finance Minister, Shri Chidambaram, congratulated Shri Jaitley for following his own policies. And the hon. Finance Minister did not hide his awe for his predecessor with regard to fiscal consolidation.

Sir, whether this side or that side, both are actually two sides of the same coin. Then what about the main beneficiaries and their opinion? The last issue of Outlook consolidates the opinion of the corporate sector with regard to the latest Budget. Kumar Manglam Birla says, "This Budget signals to investors that India is here to do business in a stable and predictable way." What was his opinion on the 2013 Budget? It was, "Inclusive and sustainable growth." What was his opinion on 2012 Budget? It will, "Send positive signals." Then the Chairman, HDFC says about 2014, "A good beginning". About 2013 Budget, he says, "A sensible Budget." About 2012 Budget, he says, "A reasonable, equitable and balanced Budget." The Confederation of Indian Industries says about 2014 Budget, "Meets the expectations of the industry." It says about the 2013 Budget, "We welcome the Budget. It focusses on inclusive and sustainable human development." Sir, I would not like to quote all comments because of scarcity of time. The corporate world welcomes this Budget and the earlier Budgets. But what about the opinion of other organizations? INTUC, which is affiliated to Congress, was criticizing the UPA Budget; BMS which has some ideological relationship with BJP, is criticizing the Budget presented by Shri Jaitley. Sir, actually, Shri Sitaram Yechury, while participating in the debate on the President's Address, correctly stated that BJP has taken the baton in this relay from the Congress. Now they are running as fast as they can to give more concessions to the corporate and to give more sufferings to the common people of the country. That is the reality. Actually, this shrinks our concept of democracy. In democracy, in the elections, the people, the voters vote for a candidate who is representing a political party and a political party represents an ideology and policies. Now we are elected to this side or that side. Both of them are actually reflecting, actually focussing the same policies. This is the status of democracy in our country. Sir, I want to add one more thing here, which Shri Naresh has already mentioned. Shri Arun Jaitely tried to add some saffron cosmetics to the UPA Budget. The Economic Times correctly gave a good title, "A Chidambaram Budget with saffron lipstick." That we have seen in this Budget, "A Chidambaram Budget with saffron lipstick." Sir, in macro analysis, the Government policies are only contributing to deepen the economic crisis in our country. You are focusing on exports. The global meltdown is continuing. So, the international market is shrinking. Then what about the domestic

market? The purchasing power of a majority of the people is declining. It is true that the income of the super rich has increased drastically. But they are not able to purchase for themselves all these things. And they are focussing on speculative trade, currency trade, stock market or real estate. Now, this leads to deepening of the economic crisis in the country. The Prime Minister and other Ministers always talk about the Chinese model. Shri Anand Sharma mentioned about the stimulus package. What was their stimulus package? They were giving more concessions to corporates. But what is the experience with the Chinese model? They are pumping more funds into the economy. They had increased the public funding on infrastructure. But we are continuing the same fiscal policy. Jaitleyji is also trying to continue the same fiscal policy. I am totally against the fiscal deficit mantra. It is true that we should control the revenue deficit. But what about the fiscal deficit? If we are using money for infrastructure projects, it will create more employment. People will get more money and they will purchase more goods. They will go to the market and the demand will increase. Then the production should be increased. This will create more jobs and people will get more money. And this will give more momentum to the dynamics of economics. But, instead of that, if you are sticking to the fiscal deficit mantra and giving more concessions to the corporates, then, this will not help our country. You are following the failed Thittooras of where financial institutions run. Sir, while the Finance Minister was talking about the fiscal deficit, he was only confined to the expenditure side. The earlier Finance Ministers were also concentrating on only the expenditure side, cutting subsidies and cutting expenditures. How did the last UPA Government control the fiscal deficit? They had managed it by serious expenditure cuts. While we are going through the Budget Estimates, the Revised Estimates and the Actual Expenditure, we can find out big differences. Fiscal consolidation should be effected through contraction of public expenditure and not by increasing revenues, What is the present status of revenue components? As per the answer given by the former Finance Minister in this House, the uncollected tax amounts to more than ₹ 5.10 lakh crores. This is the same as that of the fiscal deficit of our country. Sir, if they had collected these tax arrears, then, there would have been no fiscal deficit. Using this fiscal deficit issue, they are going to cut subsidies and they are going to cut expenditures. Out of these uncollected tax arrears, more than ₹ 75,000 crores are undisputed tax arrears. There is no dispute on this figure. It is true that the Minister has now decided to formulate some mechanism for clearing all these things. That is a good move. But out of these, ₹ 75,000 crores are undisputed tax figures. The Prime Minister and the Finance Minister are always talking about tax terrorism, and Anand Sharmaji also mentioned about tax terrorism. I want to know what the definition of tax terrorism is and what their perspective of tax terrorism is. What does it mean? I am totally against the way they are applying it. The Tax-GDP ratio in our country is only

[Shri P. Rajeeve]

around 10 per cent. The Tax-GDP in England is 26.9 per cent. In Norway, it is 27.3 per cent. In Denmark, it is 34.1 per cent. In Belgium, it is 25.7 per cent. If we can increase one percentage of this, then, the Exchequer would get more than Rs.1.25 lakh crores. It means that if we can change our Tax GDP ratio at par with England, then, our Exchequer will get an additional tax revenue of around Rs.20 lakh crores. If we can change our tax GDP ratio at par with England, then, our exchequer would get additional tax revenue of around ₹ 20 lakhs crores. If we can change our tax GDP ratio at par with Norway, then we would get an additional ₹ 30 lakh crores as revenue. Is it tax terrorism? Then, another statement is in public domain in the Budget documents itself. Out of the 6,18,806 companies, for which the tax return you have submitted, 2,84,069 have not paid a single paise as taxes. Despite statutory tax ratio of 30 per cent, companies that made a profit greater than Rs. 500 crores at Effective Tax Rate (ETR) is only 20.97 percentage. Is it tax terrorism? Sir, regarding on-line trading, if we want something we are going to the Net, to Amazon or Flipkart. Are you charging any tax for that? Sir, coming to property tax, which includes wealth tax, immovable property tax, estate, inherited and gift tax, Jaitleyji, this property tax constitutes only 0.40 of the total tax revenue. Nirmalaji recently went to attend the BRICS Summit. In BRICS countries, the average is 4.85 per cent, in G-20 the average is 7.6 per cent. Is it tax terrorism? Following Mr. Chidambaram, Jaitleyji also...

(MR. DEPUTY CHAIRMAN in the Chair)

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Yes, Mr. Rajeeve, please sit down. The Finance Minister has to say something.

SHRI ARUN JAITLEY: There is one difficulty. At six o' clock there is a guillotine in the Lok Sabha. So all the Cabinet Ministers will have to be there. If the hon. Members agree, I will go there. Najmaji will go there. My colleague, Shrimati Nirmala Sitharaman will be here so that the proceedings are not disturbed. So for about ten to fifteen minutes we will be without a Cabinet Minister here.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: That is okay.

SHRI P. RAJEEVE: But that is not the precedence.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no; you listen to me. MoS will be here.

SHRI P. RAJEEVE: At least one Cabinet Minister should be here.

SHRI ARUN JAITLEY: We can ask Najmaji to be here.

SHRI ANAND SHARMA: Dr. Najma is not a Member of the Lok Sabha. She does not have to vote.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: If there is a cut motion, then, she has to be there.

SHRI ARUN JAITLEY: If there is a cut motion in her Ministry and if she is not present...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I will explain. You should understand. You were also Government. If there is a cut motion, then the concerned Minister has to be there. I hope you will agree with that. MoS will be here for about fifteen to twenty minutes. All right, you both can go.

SHRI ARUN JAITLEY: Thank you. I am grateful, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now you please continue, Mr. Rajeeve.

SHRI P. RAJEEVE: Actually I am going to the main point.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It will be recorded. Shrimati Nirmala Sitharaman is a very efficient Minister. She will take notes.

SHRI P. RAJEEVE: Yes, she is a dynamic Minister. But, Sir, Shri Anand Sharma mentioned about the retrospective taxation. I am surprised. When Mr. Pranab Mukherjee was Finance Minister -- and who is now the hon. President of India -- at that time both Houses passed the Finance Bill along with a clause for retrospective taxation.

[THE VICE-CHAIRMAN, (SHRI V. P. SINGH BADNORE) in the Chair]

But Mr. Chidambaram had taken the charge as Finance Minister. He had constituted a single man Committee. Both Houses passed the Finance Bill with the clause, 'retrospective taxation' but the Minister appointed a single man, Parthasarathi Shome. On the recommendation of a single man Committee they over-ruled the decision of this Parliament in the both Houses. I think, Anand Sharmaji remembers that. You mentioned that. Mr. Chidambaram over-ruled...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. P. SINGH BADNORE): There are two speakers. So just adjust, but there is no problem.

श्री राजीव शुक्ल (महाराष्ट्र) : सर, किसी कैबिनेट मिनिस्टर को तो बुलाइए। ...(**व्यवधान**)... अहलुवालिया जी इस बात पर हमारी नाक में दम कर देते थे। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (श्री वी.पी. सिंह बदनौर) : आप यहां नहीं थे, इस संबंध में बात हो गई है। ...(**व्यवधान**)...

श्री अविनाश राय खन्ना (पंजाब) : शुक्ल जी, इस संबंध में सारी बातें हो चुकी हैं। ...(**व्यवधान**)...

SHRI K.N. BALAGOPAL (Kerala): Sir, my friend has lost two minutes. You have to give him two additional minutes.

SHRI P. RAJEEVE: Sir, I lost two minutes.

उपसभाध्यक्ष (श्री वी.पी. सिंह बदनौर) : आपके बाद वालों का भी ध्यान रखना है। ...(**व्यवधान**)...

SHRI P. RAJEEVE: No; because of this ritual, I lost two minutes.

Sir, UK had already implemented retrospective taxation in 2008 dating back to 1987. If they can, why cannot we? Now, Mr. Jaitley is not ready to implement retrospective taxation. Then, Sir, how can you brand this as tax terrorism. Actually, by quoting this tale, the Government is trying to give more concession to corporate. A corporate bail in this country has, on an average, received ₹ 7 crore every hour or ₹ 168 crores everyday in the form of write off of corporate/income tax! This is the status of revenue foregone in our country. This is in your budget documents. As per this budget document, the provisional write off for corporate is ₹ 5,72,922 crores. This is higher than your fiscal deficit! If you calculate this for the last nine years, it is ₹ 36.5 lakh crores *i.e.*, 36.5 billion rupees.

On gold and other jewellry, the customs duty write off, if you take that 36 months figure, is ₹ 1.67 lakh crores. This is the write off of customs duty on gold, diamond and jewellery.

While replying to my question in this House with regard to revenue foregone, the hon. Minister stated that all these incentives are for creating employment and for boosting economy. Sir, giving all these concessions, corporate share to the GDP has improved only by 5 percentage points in 20 years or 15 per cent.

Sir, after 1991, all Governments have been favouring FDI and corporate. We, the Left, have a consistent position in this regard. At times, we have been mocked by you. Yes; you can ignore our concerns. But what about your own ideologue? Shri Jaitley is not here. But, Nirmalaji would have read two articles written by your own ideologue, Mr. Gurumurthy, in the New Indian Express. Sir, as per Mr. Gurumurthy's analysis -- it is not our ideology; he is your own ideologue -- after giving all these concessions and big

credit from banks, it is more than 47.6 lakh crores! So, FDI and corporate have created just 2.2. million jobs in 20 years since 1991. This is Gurumurthy's analysis. Two decades before 1991, without giving any concessions, private sector corporate added 2.7 million jobs and public sector corporate added 12 million jobs. It was five times of the annual growth rate in the corporate sector in the post-reform period. This is the reality. This is your own analysis. This is Gurumurthy's argument. Sir, on the other hand, Indian corporate constitutes a 5th of the world billionaires with a tally of 70. Sir, there were none in 1991. After explaining all this, Jaitleyji or Nirmalaji, your friend and ideologue, Gurumurthy asked, 'Will the General Budget look beyond corporate sector.' But, Sir, this Budget is intend to protect the interest of the corporate *...(Time-bell rings)...* Sir, I am entrusted to speak for 18 minutes. I lost two minutes. So, I will take 20 minutes.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V.P. SINGH BADNORE): Now, you take two more minutes.

SHRI P. RAJEEVE: Twenty minutes.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V.P. SINGH BADNORE): Two minutes more.

SHRI P. RAJEEVE: Sir, 18 minutes for me and rest is for other speaker. As I have already lost two minutes, so I will take 20 minutes. There are 5 minutes more.

Sir, this Budget is proposed to follow FDI in different sectors. Since 1991, all Finance Ministers have been trying to attract FDI. What is the reality? Forty-four per cent of FDI comes from a small country of Mauritius! Only seven per cent comes from the USA and less than ten per cent from Europe. What is the reason behind this? It is the Double Taxation Avoidance Treaty. Are you ready to revisit the Double Taxation Avoidance Treaty with Mauritius, Singapore and other countries? That is my question, Sir. By allowing 49 per cent FDI in Defence sector, foreign companies are getting a controlling stake in the Defence Production Enterprises. It will be detriment to the national sovereignty. Sir, on intensifying inequalities, already our learned colleague also mentioned. The National Sample Survey Report, the monthly per capita consumption of the top 5 per cent is nearly nine times than that of the bottom 5 per cent. This goes up in the urban areas. There, the average consumption by the top 5 per cent of the population was about 14.7 times than that of the bottom 5 per cent. As per the U.N. Report, the top 10 per cent own 53 per cent of the country's wealth while the bottom 10 per cent own only 0.2 per cent of the wealth. This is the reality, Sir. But, we could not find anything to address this issue, to reduce the inequality.

[Shri P. Rajeeve]

Sir, inequality is against the concept of growth. If the income of the majority is squeezed to feed the rich minority, how can they contribute to the growth process? I hope, the Finance Minister and Mrs. Nirmala would have read the recently published classic book, 'Capital in Twenty-First Century' by Thomas Piketty. It is a wonderful book. Piketty is not a Marxist, he is a Keynesian economist. He correctly reveals the inequalities existing in the globalised world and I request the Minister to read that and try to address this issue.

Sir, the total subsidy share in the Union Budget was 17.71 per cent in 2012-13 has declined to 14.5 per cent. We are continuously demanding to revisit the pricing policy of petroleum. As per the CAG Report, the present pricing mechanism benefits Rs.50,513 crores to the oil companies during the five years from 2007 to 2012. I would not like to go into details.

On the agricultural sector, the BJP's manifesto is there; it is for cheaper agricultural inputs, strengthening and expanding rural credit, welfare measures for farmers above 60 years in age; we could find nothing in this Budget Speech. Sir, education and health is the most neglected area in this Budget.

We are strongly opposing the Government's proposal to do disinvestment in the PSUs. The PSUs have a cash reserve of more than Rs.6.5 lakh crores. Also, Sir, the people of India have been struggling because of hike in prices of essential commodities. Education and healthcare expenditure of the people is also drastically increasing, but this Budget has failed to address this issue. They are following the same anti-people policies of the previous UPA Government. This Budget clearly shows that this Government is of the corporates, by the corporates and for the corporates. Thank you, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V.P.SINGH BADNORE): Shri A.U. Singh Deo to make his Maiden Speech. How many minutes would you take?

SHRI A.U. SINGH DEO (Odisha): Sir, fifteen minutes only.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V.P.SINGH BADNORE): Fine.

SHRI A.U. SINGH DEO: Mr. Vice-Chairman, Sir, the present Budget, presented by the respected Finance Minister aims to revive the growth and curb expenditure and borrowing. It points to the right direction. Upholding the fiscal deficit of 4.1 per cent, inherited from the previous Government, the Budget outlines the fiscal deficit in the coming two financial years of 3.6 per cent for 2015-16 and 3 per cent for 2016-17.

Sir, the intent of the Budget is definitely noble. However, what it lacks is a suitable growth orientation. It continues with some of the policies of the past Government. However, it has not brought in adequate structural reforms after the pitiable state of the economy in the recent past. Overall existing Government policies should be replaced with innovative and concise policies. That is what this country requires. Keeping in mind the Hon. Minister's proficiency and competence, I would have expected the Budget to be more focussed, reform active and growth oriented. However, no major structural reforms conducive to the existing situations seem to have been brought in. While it portrays a framework, what it does not reflect is the exact implementation methods for the same. While I believe it is an ambitious effort, I would think it to be a baby-step towards the much-needed larger goal of fiscal consolidation. But, Sir, Rome was not built in a day, and we must give our competent Finance Minister more time.

Sir, under the current Budget, to obtain the fiscal deficit of 4.1 per cent, three things are of utmost importance; to curb, maintain or even reduce inflation rate in the country; to ensure the expected expenditure does not exceed the estimate; and the revenue is as per the estimate. Further, a lot of reliance is here on the Government's ability to collect taxes, ensuring timely and honest payment by taxpayers, and correct the tax evasion scams that have been happening in the past. It is a daunting task. सर, मैं एक उदाहरण देना चाहूंगा और वह यह है कि वित्तीय वर्ष 2011-12 के एस्टीमेट्स को एक्चुअल्स के साथ कम्पेयर करें, तो आपको पता चलेगा कि हमारे सामने क्या समस्या आ सकती है? The tax revenue collected was 5.22 per cent lesser than the Budget Estimate. That means, Rs.34,629 crores. In borrowings, there was a substantial increase of 25 per cent as compared to Budget Estimate. The difference is, Rs.1,03,173 crores. The expenditure increased by 3.71 per cent. Sir, as this happened, the fiscal deficit in the year increased to 5.7 per cent, significantly higher than the estimated Budget of 4.6 per cent as shown in the Budget. तो यह गुस्ताखी इस बजट में न हो, इसका मंत्री जी ध्यान रखें।

सर, मेरी एक और कंसर्न है और वह यह है कि हम देख रहे हैं कि डॉलर के मुकाबले रुपए की वैल्यू कम होती चली जा रही है। यह हमारे रिसोर्सेज के लिए ड्रेन है। हम विदेश से काफी मात्रा में ऑयल इम्पोर्ट करते हैं। इसीलिए हर दिन पेट्रोल, डीजल और दूसरी चीजों के दाम बढ़ते हैं। अगर पेट्रोल व डीजल के दाम बढ़े तो मार्केट में हर चीज के दाम बढ़ जाते हैं। हमें इसे कंट्रोल करने की जरूरत है और अगर हम अपने बजट का इम्प्लीमेंटेशन ठीक रखेंगे, तो यह कार्य हो सकता है।

सर, वित्त मंत्री जी ने 29 स्कीम्स में हरेक स्कीम के लिए 100 करोड़ रुपए दिए हैं। यह बहुत लिबरल एलोकेशन है और हम इसका सम्मान करते हैं। While this is commendable,

[Shri A.U. Singh Deo]

one of the biggest problems glaring the country in the face of reality is that of women safety. Crimes against women are highly on the rise. The reporting of incidences of rape, not to mention other offences of immoral trafficking, incestuous acts, dowry deaths, have increased by 35 per cent in the last one year. However, the Finance Minister, in his Budget, has made a meagre allocation of Rs.150 crores to a scheme to increase the safety of women in larger cities. As I understand, the word 'larger cities' has been used. While I understand the Finance Minister's stance of various allocations being made on pilot basis, considering the vast population of women in the country, I would like to ask, क्या वीमेन सेफ्टी के लिए ये 150 करोड़ काफी हैं? Is the safety of women negotiable?

सरदार वल्लभ भाई पटेल की स्टेच्यू के लिए, जिन्हें हम सब सम्मान देते हैं, गुजरात में 200 करोड़ दिए गए हैं। उससे भी कम वीमेन सेफ्टी के लिए दिए गए हैं और वह भी सिर्फ लार्जर सिटीज के लिए दिए गए हैं। क्या छोटी सिटीज में लेडीज नहीं होती हैं? उन्हें क्या छोड़ दिया गया है? जो गंभीर समस्याएं लार्जर सिटीज में होती हैं, वे छोटी सिटीज में भी होती हैं। मैं वित्त मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि छोटी सिटीज को क्यों छोड़ दिया गया है? इसका क्या रेशनल है? वह बताएं। The ruling manifesto speaks of important schemes for education, health and drinking water. इलेक्शन कैम्पेन के दौरान प्रधानमंत्री जी ने बहुत सी प्रोमिसेस की थीं कि हम provision for sanitation facilities for women करेंगे, हर घर में बाथरूम होंगे, हर स्कूल में बाथरूम होंगे, लेकिन यह चीज पूरी नहीं हो सकती, क्योंकि इसके लिए फाइनेन्स मंत्री जी द्वारा एक इनीशियल टोकन बजट दिया गया है। 'निर्मल भारत अभियान', एक रूरल सेनिटेशन स्कीम है, उसमें पूरे भारत के लिए, यूनियन टेरिटरीज के लिए 4,260 करोड़ रुपए दिए गए हैं। मैं समझता हूं कि यह पैसा बहुत कम है, इसको बढ़ाना चाहिए, क्योंकि इतने से समस्या का समाधान नहीं होगा। सरकार चाहती है कि पूरे देश में 2019 तक सेनिटेशन का काम कर सकें, लेकिन मैं समझता हूं कि हमें इतनी देर नहीं करनी चाहिए, बल्कि इसे पहले करने की कोशिश करनी चाहिए। एक और चीज मैं जानना चाहूंगा कि सर्व शिक्षा अभियान राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान are they inclusive of the drinking water and sanitation facilities that the P.M. has promised? Will there be a redressal mechanism in place for those aggrieved for lack of these facilities With the history of corruption and instances of money flowing into the pockets of undeserving and dishonest, I hope the Government will have an airtight mechanism to check financial allocations.

The Central Government in its Budget allots funds to the States under various schemes to be released to the States in a timely, adequate and responsible manner. During recent years, however, the Central Government has been resorting to sizable plan cuts which adversely impacts the health of States and implementation of the schemes. So, under the Accelerated Irrigation Benefit Programme, the State of Odisha, for instance, received only ₹ 38 crores as against its actual expenditure of ₹ 1084 crores. इतना काटा, सर। For 2012-13 again the State received only ₹ 15 crores during 2013-14 as against its

actual expenditure of ₹ 967 crores. Under MNREGA too the State received only ₹ 757 crores against the Central approved share of Rs.1363 crores during 2013-14. Thus, the State's fiscal condition and implementation of the on-going socio-economic development programme get adversely affected.

महोदय, मैं एक बात के लिए फाइनेन्स मंत्री जी की तारीफ करुंगा कि आप रिवीजन ऑफ मिनरल रायल्टी पर आ गए। ये जो स्टेट्स हैं ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़, ये relatively rich in mineral wealth हैं। बहुत दिनों से हम मांग कर रहे हैं कि हमारा यह रिवीजन ऑफ मिनरल रॉयल्टी हो। आप जानकर हैरान होंगे कि अगस्त 2012 से ओडिशा से पांच करोड़ रुपए पर डे का लॉस हो रहा है, क्योंकि मिनरल रॉयल्टी इन्क्रीज नहीं की गई। इसे इन्क्रीज करना बड़ा जरूरी है। हम फाइनेन्स मंत्री जी को इस चीज के लिए धन्यवाद देंगे कि वे इसे सामने ले आए हैं। एक और चीज है कि ओडिशा में कुछ बड़े लोग हैं, माइनर्स हैं, जिनके पास हजारों माइन्स हैं। They control many mines in the State of Odisha. तो हमारी राज्य सरकार सेन्ट्रल गवर्नमेंट से बहुत दिनों से यह मांग रही है कि हमें परमिशन दी जाय, या सेन्ट्रल गवर्नमेंट चार्ज करे, एक मिनरल रिसोर्स रेंट टैक्स हो। जिनकी इन्कम हजारों करोड़ में है, जो एक लेवल के ऊपर हैं, उनके ऊपर एक स्पेशल टैक्स लगाने की मांग ओडिशा सरकार बहुत दिनों से कर रही है। इसके लिए हमारे फाइनेन्स मंत्री जी से गुजारिश है कि वे इस पर ध्यान दें। It is not Odisha specific. It may be also required in Jharkhand and Chhattisgarh. You might inquire into the matter and make a principle rule on the issue.

सर, एक चीज है कि इस पक्ष के भी किसी बन्धु ने बात करते हुए कहां था कि 'नवकलेवर फेस्टिवल' ओडिशा में 2015 में मनाया जाएगा, जिसमें कम से कम fifty lakh people come and visit Orissa in this month. The Government of Orissa has requested for Rs. 1,397 crores to augment this festival. We request the Finance Minister to look into the matter because the request is being made since May 2013. थोड़ा उसको देखें। यह हमारे देश की एक शान है। यहां बहुत विदेशी आते हैं। टूरिज्म की दृष्टि से यहां तीस-चालीस लाख लोग आते हैं और उनको वहां रखना मुश्किल होता है।

सर, एक और चीज हम ओडिशा के लिए मांगते आ रहे हैं और वह है एक 'स्पेशल कैटेगरी स्टेट'। हम लोग गरीब हैं और वहां काफी लोग बिलो द पॉवर्टी लाइन हैं, इसलिए 'स्पेशल कैटेगरी स्टेज' हमें मिलना चाहिए। उसका सिर्फ एक ही आंकड़ा हमारे साथ नहीं है, जो उसको क्वालिफाई करे कि हमारे स्टेट की बाउंडरी से किसी दूसरे देश की बाउंडरी नहीं लगी है। एक ही चीज माइनस है, जिसकी वजह से यह हमें नहीं मिला है। I hope the hon. Minister and the Government will consider that States like Bihar and Orissa get this benefit of a 'Special Category State'.

Now, I come to introduction of Goods and Service Tax (GST), which replaces all existing indirect taxes on goods and services with one single tax, thus lowering the tax

[Shri A.U. Singh Deo]

burden. The decision of the Government to introduce and implement the GST will unify 29 States of India into a common market to boost revenue; and, at the same time, it will make easier to do business. However, the Budget fails to lay down a clear roadmap for implementation of the GST, which would have been a welcome gesture. The Union Government had assured to compensate the State Governments for loss of revenue due to reduction of Central Sales Tax, until the implementation of GST. Accordingly, the GST was reduced from 4 per cent to 3 per cent and from 3 per cent to 2 per cent in 2007 and 2008 respectively. The State of Odisha however received only ₹ 256 crores towards compensation, against the loss assessment of ₹ 644 crores. तो ये सब चीजें चलती रहती हैं, इनको सुधारने की जरूरत है।

सर, रेलवे का बजट पास हो चुका है and I would just touch on the subject.

रेलवेज़ में प्रॉफिट को बढ़ाना चाहिए और एक्सपेंसेज कम करने चाहिए। However, the Government seems to have taken an easy way out by increasing rates, without any serious attempt to reduce costs by removing inefficiencies in the system. सर, हमारी इंडियन रेलवेज़ का 6 परसेंट प्रॉफिट है, जबकि कनाडा का 40 परसेंट प्रॉफिट है। ...(**समय की घंटी**)... तो हम केवल टिकटों और दूसरी चीजों को बढ़ाने की न सोचें, कॉस्ट रिडक्शन पर भी हमें ध्यान देना चाहिए, जो हम देते नहीं हैं। The Finance Minister has expressed his helplessness over his inability to substantially cut tax rates or increase allocation to much-needed social sectors because of lack of availability of resources.

सर, मैं डिफेंस का एक एक्जाम्पल देना चाहूंगा। उनके डिफेंस डिपार्टमेंट में, under the garb of life-cycle cost method, the Ministry of Defence has bought air defence platforms at almost 40-50 per cent higher prices than the lowest off-the-shelf bidder. This is because none of the other costs associated with LCC -- such as, supply of spare parts, fuel efficiency, technological amalgamation -- are contractually binding in nature, thereby creating an excess expenditure of thousands of crores.

सर, अब मैं आता हूं ...(**समय की घंटी**)...

उपसभाध्यक्ष (श्री वी.पी. सिंह बदनौर) : आप दो मिनट और ले लीजिए। आपने पन्द्रह मिनट मांगे थे, तो पन्द्रह मिनट हो गए हैं। आप दो मिनट और ले लीजिए।

